दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:02 बजे
सूर्यास्त शाम 6:46 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-216 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • रविवार 12 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग में पंजाब ने रोमांचक मुकाबले में जम्मू-कश्मीर को 7 रन से हराया, राज की विजयी पारी



**■ आखिरी ओवरों में गेंदबाजों ने पलटा मैच**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

शहीद पत्रकारों की स्मृति को समर्पित 'जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग' (JPL) का शुक्रवार को शानदार आगाज हुआ। इस टूर्नामेंट का आयोजन यूनाइटेड प्रेस क्लब और जर्नलिस्ट वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत सेक्टर-16 स्थित चंडीगढ़ क्रिकेट स्टेडियम में हुई, जहां पहले मुकाबले में पंजाब और जम्मू-कश्मीर की टीमें आमने-सामने उतरीं।

जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर को 7 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ में खेले गए इस मुकाबले में दर्शकों को आखिरी गेंद तक रोमांच देखने को मिला।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम की शुरुआत धीमी रही, लेकिन मध्यक्रम में राज ठाकुर ने शानदार जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने 47 गेंदों में 77 रन की दमदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के चलते टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। शुरुआती झटकों के बाद तपिन मल्होत्रा ने 17 रन और कप्तान अर्शदीप सिंह समर ने 12 रन का अहम योगदान दिया, लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।

पंजाब की पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हालांकि यह स्कोर बहुत बड़ा नहीं था, लेकिन चुनौतीपूर्ण जरूर था। जम्मू-कश्मीर की ओर से राहुल खत्री ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और पंजाब के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। यश खजूरिया ने भी 2 विकेट लेकर टीम को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू-कश्मीर की टीम की शुरुआत भी ज्यादा मजबूत नहीं रही। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद टीम दबाव में आ गई, लेकिन मध्यक्रम में प्रदीप बाली ने 30 गेंदों में 47 रन की तेज पारी खेलकर मैच को रोमांचक बना दिया। उन्होंने कुछ शानदार शॉट्स लगाए और टीम के जीत की आस कायम रखी। वहीं साहिल कुमार ने 21 रन का योगदान देकर पारी को संभालने की कोशिश की।

जैसे-जैसे मैच अंतिम ओवरों की ओर बढ़ा, मुकाबला और भी दिलचस्प होता गया। एक समय ऐसा लग रहा था कि जम्मू-कश्मीर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेगी, लेकिन पंजाब के गेंदबाजों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी के चलते जम्मू-कश्मीर की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 140 रन ही बना सकी और जीत से 7 रन दूर रह गई।

पंजाब की ओर से गौरव ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए और विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। अन्य गेंदबाजों ने भी सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए रन गति को नियंत्रित रखा, जो टीम की जीत में अहम साबित हुआ।

मैच के दौरान कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। पहले बल्लेबाजी में जहां पंजाब की टीम लगातार विकेट गंवाती रही, वहीं गेंदबाजी में उन्होंने शानदार वापसी की। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर ने भी कड़ा मुकाबला दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में चूक के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने इस रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। हर चौके-छक्के और विकेट पर दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। मैच का माहौल पूरी तरह हाई-वोल्टेज रहा और खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन से इसे यादगार बना दिया।

इस जीत के साथ पंजाब की टीम ने न केवल सेमीफाइनल में जगह बनाई है, बल्कि टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी भी पेश कर दी है। टीम के आत्मविश्वास में इस जीत से काफी बढ़ोतरी हुई है और अब उनकी नजरें खिताब जीतने पर टिकी हैं।

इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा रहे। इसके अलावा पीआरटीसी की चेयरमैन हरपाल जुनेजा, अमर उजाला के संपादक अशीष तिवारी और विजय गुप्ता, न्यूज 18 पंजाब के संपादक ब्रजमोहन सिंह, जागरण के संस्करण प्रभारी बरिंदर रावत, त्रलोचण सिंह समेत कई वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। इस टूर्नामेंट के टाइटल स्पॉन्सर एवन साइकिल हैं, जबकि इसे सह-स्पॉन्सर ड्यूक और इजी वीजा भी हैं। एसोसिएट पार्टनर्स के रूप में एमी सोल, आंसल वेल्थ, वैद्यबान, सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली, क्रेडाई पंजाब, डॉ. योगीज, आईओएल दशमेश जैसे संस्थान इस लीग का हिस्सा हैं, जो इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कर्नल सोनम वांगचुक का निधन

**श्रीनगर|** लद्दाख के कारगिल युद्ध के हीरो कर्नल सोनम वांगचुक का शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश में उनके घर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. वह 61 साल के थे। आर्मी के एक सम्मानित ऑफिसर और लद्दाख के सबसे सम्मानित ऑफिसर में से एक, कर्नल वांगचुक को ऑपरेशन विजय के दौरान असाधारण बहादुरी के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्हें 'लद्दाख का शेर' भी कहा जाता है। कारगिल युद्ध में उनकी लीडरशिप के लिए याद किया जाता है।

### STF की गिरफ्त में पाक हैंडलर

**देहरादून|** एसटीएफ और थाना प्रेमनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने झाझरा से पाकिस्तानी आतंकियों के इशारे पर काम करने वाला विक्रांत कश्यप को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में विक्रांत कश्यप ने कई बड़े अहम खुलासे किये हैं। इन खुलासों के बाद दून में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान पता चला है कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन अल बद्र ब्रिगेड से जुड़े आतंकी शहजाद भुट्टो ने विक्रांत कश्यप को टास्क पूरा करने के लिए पिस्टल उपलब्ध कराई थी।

### रईसजादे को कोर्ट से झाड़ू लगाने की सजा

**बेंगलुरु|** सड़क पर लग्जरी कार 'लेम्बोर्गिनी' से स्टंट करने और लापरवाही से दौड़ाने वाले एक रईसजादे को कर्नाटक हाईकोर्ट ने अनोखी सजा दी है। ड्यूटी पर तैनात पुलिस सब-इंस्पेक्टर आर. रामास्वामी ने एक वीडियो देखा था। इसमें लेम्बोर्गिनी रोड पर जानलेवा स्टंट करती नजर आ रही थी जस्टिस एम. नागप्रसन्ना के सामने जब यह मामला पहुंचा, तो उन्होंने आरोपी चिरंत के वकील से कड़े लहजे में कहा, 'नए कानून में समाज सेवा के 10 अलग-अलग प्रकार तय हैं। आप अपनी उसी लेम्बोर्गिनी कार से जाएं, सड़क पर झाड़ू लगाकर कचरा साफ करें और उसी चमचमाती कार से वापस लौट आएं।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# ईरान बोला- अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं


**■ इस्लामाबाद में अहम बातचीत में सीजफायर की आस**

**■ शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस**

एजेंसी | इस्लामाबाद

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में जेडी वेंस ईरान के प्रतिनिधिमंडल के साथ अहम वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंच गए हैं। इस्लामाबाद के नूर खान एयरबेस पर उनका स्वागत पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने किया।

यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच संभावित युद्धविराम और क्षेत्रीय शांति को लेकर बेहद अहम मानी जा रही है। वेंस के साथ अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर भी मौजूद हैं। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा था कि यदि ईरान सकारात्मक रुख अपनाता है तो अमेरिका भी सहयोग के लिए तैयार है, लेकिन किसी तरह की चालाकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ 28 फरवरी के हमले में मारे गए बच्चों की तस्वीरों को देखते हुए। प्लेन की सीट पर बच्चों की फोटो के साथ उनके बैग्स और जूते भी रखे हैं।**

दूसरी ओर, ईरान का प्रतिनिधिमंडल मोहम्मद बाघेर गालिबाफ की अगुवाई में इस्लामाबाद पहुंचा। गालिबाफ ने पहुंचने के बाद एक भावनात्मक तस्वीर साझा की, जिसमें विमान की सीटों पर बच्चों की तस्वीरें, खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे गए थे। यह तस्वीर हाल ही में ईरानी शहर मिनाब में हुए हमले की ओर इशारा करती है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों की मौत हुई थी।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जर्मनी के समकक्ष योहान वाडेफुल से फोन पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरानी डेलिगेशन को होने वाली बातचीत पर भी यकीन नहीं है। अराघची ने कहा कि अमेरिका ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं और कूटनीति के साथ विश्वासघात किया है। यही वजह है कि ईरान उस पर भरोसा नहीं करता। उन्होंने कहा कि सरकार ईरानी जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहले ही दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा करते हुए इस वार्ता को महत्वपूर्ण बताया था। पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने की इच्छा जताई है।

सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान की एक अहम शर्त मानते हुए कतर और अन्य देशों में फंसी ईरान की संपत्तियों को आंशिक रूप से जारी करने पर सहमति जताई है। इसे भरोसा बहाली की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई कर सकता है। वहीं ईरान ने भी साफ किया है कि वह अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। पिछले कुछ दिनों में इजराइल और लेबनान के बीच संघर्ष में भी तेजी आई है, जिसमें हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। 14 अप्रैल को अमेरिका में लेबनान-इजराइल के बीच भी अलग से वार्ता प्रस्तावित है। लिहाल पूरी दुनिया की नजर इस्लामाबाद में हो रही इस अहम बैठक पर टिकी है।

# बंगाल में सीएए लागू करने में तेजी लाएगी भाजपा: मोदी

**■ कटवा रैली में टीएमसी पर हमला, शरणार्थियों को नागरिकता देने का वादा**

एजेंसी | कटवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा और मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पीएम ने पूर्व वर्धमान में कहा- बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। मोदी की गांरटी टीएमसी की निर्मम सरकार के भय राज को हटाके भरोसे में बदलने की है।

मुर्शिदाबाद में मोदी ने कहा- आजादी के बाद से, बंगाल को चुनौती देने की हिम्मत करने वाले हर व्यक्ति का अहंकार चकनाचूर हो गया है। पहले अंग्रेजों का, फिर कांग्रेस का, और अंत में वामपंथियों का अहंकार भी चकनाचूर हो गया। अब बंगाल की जनता टीएमसी के अहंकार को चकनाचूर कर देगी।

नरेंद्र मोदी ने कटवा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) और घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने खासतौर पर मतुआ और नामशूद्र समुदाय के शरणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी परिवार संविधान के संरक्षण में हैं और भाजपा सरकार उन्हें नागरिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस लोगों में भ्रम और भय फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएए का उद्देश्य उन शरणार्थियों को अधिकार देना है, जो वर्षों से भारत में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद अवैध घुसपैठियों को बंगाल छोड़ना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग ऐसे घुसपैठियों की मदद कर रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मोदी ने ममता और उनकी सरकार पर भी निशाना साधा। टीएमसी के 15 साल के शासन में राज्य में डर और असुरक्षा का माहौल बना है।

## पेज 1 एंकर स्टोरी — आर्टेमिस II मिशन सफल: स्पेसक्राफ्ट सफल स्प्लैशडाउन


# चांद की परिक्रमा कर सेफ लौटे एस्ट्रोनॉट्स

एजेंसी | कैलिफोर्निया

नासा के ऐतिहासिक आर्टेमिस II मिशन के तहत ओरियन स्पेसक्राफ्ट ने चंद्रमा की परिक्रमा पूरी करने के बाद सफलतापूर्वक पृथ्वी पर वापसी कर ली। 10 अप्रैल को शाम 8:07 बजे ईडीटी (भारतीय समयानुसार 11 अप्रैल सुबह 5:37 बजे) यह स्पेसक्राफ्ट कैलिफोर्निया तट के पास प्रशांत महासागर में सुरक्षित स्प्लैशडाउन हुआ।

स्प्लैशडाउन के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन तुरंत शुरू किया गया और एक-एक कर चारों अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सभी क्रू मेंबर्स को प्राथमिक मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जहां उनकी हालत पूरी तरह सामान्य बताई गई।

इस मिशन में कमांडर रीड वाइजमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर,



**11 अप्रैल की सुबह 7 बजे चारों एस्ट्रोनॉट्स को ओरियन स्पेसक्राफ्ट से बाहर निकाला गया. (फोटो साभार नासा)**

मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टिना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन शामिल थे। करीब 10 दिन तक चले इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा की परिक्रमा की और कई अहम तकनीकी परीक्षण पूरे किए। वापसी के दौरान स्पेसक्राफ्ट ने कई जटिल चरणों को सफलतापूर्वक पार किया। सबसे पहले क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल अलग हुए, जिसके बाद सर्विस मॉड्यूल वायुमंडल में प्रवेश करते ही जल गया। इसके बाद ओरियन ने सही दिशा बनाए रखने के लिए आवश्यक बर्न किया। री-एंट्री के दौरान स्पेसक्राफ्ट की गति ध्वनि की गति से लगभग 35 गुना अधिक थी और इस दौरान लगभग 6 मिनट का कम्युनिकेशन ब्लैकआउट भी हुआ।

बाद में ड्रोग्यू और मेन पैराशूट खुलने के साथ स्पीड नियंत्रित हुई और अंततः सुरक्षित स्प्लैशडाउन किया गया। रेस्क्यू टीम ने अंतरिक्ष यात्रियों को हेलीकॉप्टर के जरिए यूएसएस जॉन पी. मर्था जहाज तक पहुंचाया। वहां से उन्हें आगे जॉनसन स्पेस सेंटर, ह्यूस्टन ले जाया गया, जहां उनका विस्तृत मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इस मिशन की सफलता को भविष्य में मानव को चंद्रमा और उससे आगे भेजने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

UNITED PRESS CLUB (REGD.)
Strength Of Democracy
UNITED PRESS CLUB
AVON CYCLES
TITLE SPONSOR
JOURNALIST WELFARE TRUST
POWERED BY DUKE
CO-POWERED BY easyvisa
JOURNALIST PREMIER LEAGUE
JOURNALIST PREMIER LEAGUE
10 APRIL TO 3 MAY
ASSOCIATES PARTNERS
amy soul
AnsalWealth
Vaidban Since 1992
CGC UNIVERSITY MOHALI
CREDAI PUNJAB
Dr.YOGI's +91 9212 222 222
IOL
DASMESH Malerkotla, Punjab, India

# वृंदावन नाव हादसा: 11 श्रद्धालुओं की मौत, 5 अब भी लापता, जगराओं में एक साथ 5 चिताएं जली

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन में यमुना नदी में हुए दर्दनाक नाव हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे में अब तक 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है, जबकि 5 लोग अभी भी लापता हैं। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। सेना समेत करीब 250 लोगों की टीम 14 किलोमीटर के दायरे में लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। इसी दौरान देवरहा बाबा घाट के पास से एक और शव बरामद किया गया। शव की पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृत युवक की महज 6 महीने पहले सगाई हुई थी और आगामी 12 सितंबर को उसकी शादी तय थी। बेटे का शव देखकर बुजुर्ग पिता फफक पड़े, जिसने वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं।



यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट के पास हुआ था, जहां 38 श्रद्धालुओं से भरी नाव अचानक पलट गई। यह स्थान बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किलोमीटर दूर है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नाव की क्षमता 40 लोगों की थी, लेकिन किसी भी श्रद्धालु को लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराई गई थी। हादसे के पीछे तेज हवाओं को मुख्य कारण माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और बचने वाले यात्रियों के मुताबिक, उस समय हवा की रफ्तार करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे थी, जिससे नाव अचानक डगमगाने लगी। नाविक का नियंत्रण छूट गया और नाव पांटून पुल से टकरा गई। दो बार टकराने से बचने के बाद तीसरी बार टक्कर लगते ही नाव पलट गई और देखते ही देखते कई श्रद्धालु यमुना में समा गए।

रेस्क्यू टीम के अधिकारियों के अनुसार, यमुना का बहाव तेज होने के कारण कई लोग दूर तक बह सकते हैं। साथ ही नदी में गाद और रेत के कारण शव दब भी सकते हैं, जो कुछ समय बाद ही ऊपर आ पाते हैं। यही वजह है कि अभी भी कई लोग लापता हैं।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए नाविक पप्पू निषाद और ठेकेदार नारायण शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद नाविक मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में हिरासत में लिया गया।

हादसे में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें मां-बेटे, चाचा-चाची और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। इस घटना ने कई परिवारों को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है।

वहीं, इस हादसे में मारे गए पंजाब के 9 लोगों के शव उनके पैतृक घरों में पहुंचा दिए गए हैं। लुधियाना के दुगरी इलाके में अंजू गुलाटी, राकेश गुलाटी और मीनू बंसल का अंतिम संस्कार किया गया। जगराओं में कविता बहल, चरणजीत, मधुर बहल, पिंकी बहल और ईशान कटारिया का सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। मोगा में भी सपना हंस (50) का शव पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया। हादसे के दौरान उनके परिवार के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जगराओं पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## बसपा की ब्लॉक समिति फिल्लौर की चेयरपर्सन ने संभाला कार्यभार



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ब्लॉक समिति फिल्लौर की चेयरपर्सन संदीप कौर और वाइस चेयरपर्सन ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर ब्लॉक समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बीडीओ ऑफिस में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन संदीप कौर ने की। बैठक के दौरान संदीप कौर ने कहा कि ब्लॉक समिति फिल्लौर के अंतर्गत आने वाले करीब 80 गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जाएंगी और विकास कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

इस बैठक में कुल चार अहम प्रस्ताव पास किए गए। इनमें ब्लॉक समिति चेयरमैन के कमरे और बाथरूम की मरम्मत, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के लिए नई गाड़ी खरीदना, 15वें वित्त आयोग से जुड़े कार्य, ब्लॉक समिति की दुकानों से संबंधित निर्णय और ब्लॉक समिति सदस्यों को मीटिंग अलाउंस देने का प्रस्ताव शामिल है।

बैठक में बीडीपीओ जसलीन भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। वहीं, इस अवसर पर बसपा पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवतार सिंह करीमपुरी भी पहुंचे और उन्होंने चेयरपर्सन संदीप कौर व वाइस चेयरपर्सन बीबी नछत्रों को बधाई देते हुए उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम में तीरथ राजपुरा, लाल चंद औजला, खुशी राम, इंजीनियर सुशील बिरदी, महिंदर सिंह तेहिंग, वेद प्रकाश देवी, नवदीप, अनीता रानी, सुच्चा राम, सुखबीर सिंह, अमनदीप टीनू, कुलवीर अट्टी सहित कई बसपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस-अस्पतालों का रवैया अस्वीकार्य, मासूम से दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के साथ दरिंदगी और मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए पुलिस और निजी अस्पतालों के व्यवहार को 'चौंकाने वाला' और असंवेदनशील बताया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर और जांच अधिकारी को 13 अप्रैल को केस से जुड़े सभी दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है, लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक पुलिस का रवैया है। अदालत ने कहा कि जांच में लापरवाही और मानवीय संवेदनाओं की कमी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जा सकती। सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष के वकील ने पुलिस पर एफआईआर में महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि एक वीडियो में बच्ची को घटना के बाद जिंदा हालत में अस्पताल ले जाते हुए देखा जा सकता है, लेकिन पुलिस इस पहलू को नजरअंदाज कर रही है। अदालत ने उन निजी अस्पतालों पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने गंभीर हालत में बच्ची को भर्ती करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने इसे बेहद अमानवीय बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में संवेदनशीलता और तत्काल इलाज सबसे जरूरी होता है। बताया जा रहा है कि समय पर इलाज न मिलने के कारण बच्ची की हालत बिगड़ती गई और अंततः सरकारी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। यह घटना 16 मार्च की है, जब पड़ोस का एक व्यक्ति बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## सीवरेज बोर्ड डिवीज़न फिल्लौर के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

समर न्यूज़ | फिल्लौर

पंजाब सीवरेज बोर्ड सब डिवीज़न, फिल्लौर के कर्मचारियों ने अपनी जायज़ मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि हमारी जायज़ मांगें हैं जिसमें हम पिछले 10 से 15 सालों से काम कर रहे हैं और हमसे हमारी पोस्ट से ज़्यादा काम लिया जाता है। हमें कॉन्ट्रैक्टर श्री जगदीश कुमार, जालंधर द्वारा समय पर पेमेंट नहीं की जाती है और न ही अकाउंट में क्रेडिट किया जाता है और न ही हमारा EPF फंड हर महीने अकाउंट में जमा किया जाता है। इसके अलावा, हमारे JE द्वारा पिछला बकाया भी नहीं दिया जा रहा है और न ही बिल समय पर बनाया जाता है।

## बैसाखी के त्यौहार को लेकर छात्रों ने जम कर मचाई धमाल

### टॉप-100 में भारत की तीन कंपनियों की मजबूत मौजूदगी

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के ग्रीन लैंड कॉन्वेंट स्कूल, न्यू सुभाष नगर, में बैसाखी के पावन पर्व के साथ-साथ संस्थापक दिवस का उत्सव बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक समृद्धि, शैक्षिणक मूल्यों और विद्यार्थियों के बीच एकता की भावना का सुंदर प्रतीक बना। संस्थापक दिवस के अवसर पर विद्यालय ने संत किरपाल सिंह जी महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, जो इस संस्था के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे हैं। इस दिन को गहरी श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें उनके सादगी, मानवता और आध्यात्मिक ज्ञान के उपदेशों को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनके उस दृष्टिकोण से अवगत कराया गया, जिसमें समग्र शिक्षा के माध्यम से चरित्र और बुद्धि दोनों का विकास होता है। इस उत्सव को और अधिक रोचक एवं अनुभवात्मक बनाने के लिए कक्षा के अनुसार विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शानदार इंटर-हाउस डांस प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने पंजाबी संस्कृति और परंपराओं को ऊर्जा और उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। ग्रीन लैंड श्रृंखला के चेयरमैन डॉ. राजेश रुद्रा जी ने पूरे विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि बैसाखी हमें परिश्रम, कृतज्ञता और नए आरंभ का संदेश देती है, वहीं संस्थापक दिवस हमें हमारे पूजनीय संस्थापक द्वारा स्थापित मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने खालसा दिवस की भी बधाई देते हुए इसके साहस, एकता और धर्मनिष्ठा के संदेश को उजागर किया।



## अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

समर न्यूज़ | खन्ना

पंजाब पुलिस ने एक अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में चोरी, लूट और स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपियों को 9 अप्रैल को खन्ना से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें और एक लूटी गई सोने की चेन बरामद की है। डीएसपी तरलोचन सिंह ने बताया कि इस गिरोह का खुलासा थाना समराला में 27 सितंबर, 2025 को दर्ज एक मुकदमे के बाद हुआ। शिकायतकर्ता अमनदीप कौर ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी दोस्त के साथ समराला के एक बाजार में गई थीं, जहां दो युवकों ने उनकी सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए।

## बटाला पुलिस ने 6.5 किलो हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

समर न्यूज़ | बटाला

पंजाब में नशा और अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बटाला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीमा पार से संचालित नशीले पदार्थ और अवैध हथियार तस्करी रैकेट का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6.5 किलोग्राम हेरोइन, एक .30 कैलिबर पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और 1 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।



पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क ड्रग तस्करी के साथ-साथ अवैध हथियारों की सप्लाई में भी सक्रिय था। हथियार नेटवर्क के भीतर काम कर रहे ऑपरेटरों को उपलब्ध कराए जा रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निशान सिंह (मूलियांवाल), रविपाल सिंह (रायपुर) और एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी टोयोटा फॉर्च्यूनर कार भी जब्त कर ली है। यह कार्रवाई 30 मार्च को बटाला में हुई फायरिंग और जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर की गई। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहे थे। एसएसपी महिताब सिंह के अनुसार, पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है, ताकि इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के 22 वें स्थापना दिवस के निमंत्रण दौर शुरू

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर,शंकराचार्य नगर,हैबोवाल कलां में मंदिर के 22 स्थापना दिवस 27 मई बुधवार को मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में महानगर के राजनितिक,सामाजिक, धार्मिक प्रतिनिधियों व श्री बालाजी भक्तों को निमंत्रण देने का दौर आरम्भ किया गया। निमंत्रण दौर मंदिर के प्रेरणा स्त्रोत्र प्रधान स्व अशोक जैन जी की प्रेरणा से

प्रधान अमन जैन,चेयरमैन ऋषि जैन व उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में आरम्भ किया गया ।निमंत्रण दौर में प्रथम निमंत्रण श्री गणपति जी भगवान व श्री बालाजी महाराज को दिया गया उपरन्त मंदिर के सभी आचार्यों को स्थापना दिवस का निमंत्रण भाव सहित दिया गया ।इसके अतिरिक्त ललित आशा कवात्रा, विक्की आरती कवात्रा, समीक्षा, वरदान, संजीव नरूला, कृष्ण चावला, दर्शना कुंदरा, प्रशोत्तम क्रियाना, अमित अरोड़ा, उधम सिंह, राजा स्टूडियो, माता इंदु देवी मंदिर, आदि गणमान्यों को भी स्थापना दिवस के निमंत्रण दिये गये।निमंत्रण देते हुए प्रधान अमन जैन,चेयरमैन ऋषि जैन व उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि मंदिर के संस्थापक स्व धर्मपाल भाटिया जी व प्रेरणा स्त्रोत्र प्रधान स्व अशोक जैन की देन से ही हमें मंदिर में श्री बालाजी महाराज जी की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ओर हमारा संकल्प है कि हम सदैव उनके पदचिन्हों का स्मरण करते रहेंगे। सनातन धर्म में धार्मिक आयोजनों के निमंत्रण पत्र का विशेष महत्व होता है। यह केवल एक आमंत्रण नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और प्रेम का प्रतीक होता है, जो समाज को एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने कहा कि जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के लिए श्रद्धा पूर्वक निमंत्रण दिया जाता है, तो वह व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य का संचार करता है।अनुज मदान ने आगे कहा कि सनातन परंपरा में निमंत्रण देने की परंपरा हमें विनम्रता, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देती है। इससे न केवल धार्मिक आयोजन की गरिमा बढ़ती है, बल्कि समाज में प्रेम, सहयोग और धार्मिक जागरूकता भी मजबूत होती है।

## अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, 7 इमारतें भी ढहाई गईं

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पीरू बंदा इलाके में बन रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही जोन सी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में 7 अवैध निर्माणाधीन इमारतों पर भी कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, ईस्टमैन चौक, जसपाल बंगर और डाबा रोड इलाके में की गई कार्रवाई के दौरान कुल 7 इमारतों को गिराया गया। इनमें से 4 इमारतें व्यावसायिक और 3 औद्योगिक श्रेणी की थीं। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता और संयुक्त कमिश्नर दीपजोत कौर के निर्देशों पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि पीरू बंदा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी, लेकिन मालिक द्वारा दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया था, जिसके बाद निगम ने फिर से कार्रवाई की। नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच ने शहरवासियों से अपील की है कि वे निर्माण कार्य शुरू करने से पहले अपने बिल्डिंग प्लान को निगम से मंजूरी जरूर करवाएं। बिना अनुमति के किए गए निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

## ग्रीन बेल्ट में हॉट मिक्स प्लांट से उठ रहा काला धुआं, एनजीटी जाने की तैयारी में पीएसी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हम्बरां रोड स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स की ग्रीन बेल्ट और पार्क की जमीन पर चल रहे हॉट मिक्स प्लांट को लेकर विवाद गहरा गया है। पब्लिक एक्शन कमेटी (पीएसी) ने पर्यावरणीय नियमों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का रुख करने का फैसला किया है।

कमेटी का आरोप है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे इलाके में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है और लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

इंजीनियर कपिल अरोड़ा और जसकीरत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मौके पर निरीक्षण के दौरान प्लांट से करीब 15 मिनट तक लगातार घना काला धुआं निकलता रहा। इसके चलते हम्बरां रोड पर दृश्यता काफी कम हो गई और वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई।

पीएसी के अनुसार, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 26 अप्रैल 1999 के दिशा-निर्देशों के मुताबिक ऐसे प्लांट नगर निगम सीमा से कम से कम 5 किलोमीटर दूर होने चाहिए और उनसे धुआं नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद यह प्लांट शहर के अंदर ही नियमों की अनदेखी करते हुए चल रहा है।

कमेटी के सदस्यों कुलदीप सिंह खैरा और गुरप्रीत सिंह ने डेयरी कॉम्प्लेक्स के पार्कों की बदहाल स्थिति पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि पार्कों में गोबर और कचरा फेंका जा रहा है, जबकि प्लॉट नंबर 34 के पास अवैध कब्जे और निर्माण भी सामने आए हैं। इन सभी मामलों के



फोटो और जीपीएस लोकेशन सबूत के तौर पर इकट्ठे किए गए हैं।

डॉ. अमनदीप सिंह बैंस और मोहित सग्गर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, एनजीटी के आदेशों और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की अनदेखी की जा रही है। पीएसी ने चेतावनी दी है कि अब वे एनजीटी में याचिका दायर कर प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई और दोषी अधिकारियों पर पर्यावरणीय जुर्माना लगाने की मांग करेंगे।

संशोधन | बेअदबी रोकने और पवित्रता बनाए रखने के लिए उम्रकैद समेत कड़ी सज़ाओं का प्रावधान

## बेअदबी पर सख्ती : पंजाब कैबिनेट ने कानून संशोधन को मंजूरी दी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में मंत्रिमंडल ने आज 'जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026' में सख्त संशोधनों को मंजूरी दे दी है। इन संशोधनों के तहत श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता और सम्मान बनाए रखने तथा बेअदबी के दोषियों को कड़ी सज़ा देने के लिए उम्रकैद तक का प्रावधान किया गया है। यह संशोधन विधेयक सोमवार को पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा।

यह फैसला आज यहां मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते समय में श्री गुरु ग्रंथ साहिब और



अन्य पवित्र ग्रंथों की बेअदबी की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और समाज में अस्थिरता का माहौल पैदा हुआ है। हालांकि भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 298, 299 और 300 ऐसे मामलों से निपटती हैं, लेकिन इनमें दोषियों के खिलाफ कठोर सज़ा का पर्याप्त प्रावधान नहीं है। गहन विचार-विमर्श और व्यापक सलाह-मशवरे के बाद भगवंत सिंह मान सरकार ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता की रक्षा करने और समाज में आपसी सम्मान, भाईचारे तथा सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है।

इन अपराधों की गंभीरता को देखते हुए और धार्मिक पवित्रता तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने 'जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम-2008' में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रस्तावित 'जगत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026' में बेअदबी के दोषियों के लिए उम्रकैद सहित सज़ाओं को और कड़ा किया गया है। यह प्रस्तावित कानून दुर्भावनापूर्ण तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करेगा और पंजाब में शांति, कानून-व्यवस्था तथा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### कोर्ट ने एक खबर के आधार पर संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका शुरू की

# थानों में सीसीटीवी की कमी, सुप्रीम कोर्ट ने गृह सचिव को तलब किया

- **एक चीनी कंपनी द्वारा बनाए गए सीसीटीवी कैमरों को हटाए जाने की बात कही**

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने देश के पुलिस थानों में काम करने वाले सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार से सवाल करते हुए केंद्रीय गृह सचिव को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मीडिया में आई हालिया खबरों के बारे में भी जानकारी मांगी, जिनमें एक चीनी कंपनी द्वारा बनाए गए सीसीटीवी कैमरों को हटाए जाने की बात कही गई है।

जब अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजा ठाकरे, जो केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, ने कहा कि इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, तो अदालत ने कहा, 'इस मामले को फिर से सूचीबद्ध किया जाए। गृह सचिव इस अदालत के समक्ष उपस्थित रहें ताकि इस अदालत द्वारा निगरानी की जा रही योजना के क्रियान्वयन में उनसे उचित सहायता ली जा सके।'

जब न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) और वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि केरल में सबसे बेहतर व्यवस्था है, तो जस्टिस नाथ ने कहा, 'यदि आप कहते हैं कि केरल में सबसे बेहतर व्यवस्था है, तो अन्य राज्य इसे क्यों नहीं अपना सकते?' उन्होंने यह भी कहा कि इस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा चर्चा की जानी चाहिए। न्याय मित्र दवे ने अदालत को बताया कि अधिकांश राज्यों ने सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं और वे केंद्रीकृत डैशबोर्ड स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं।

सितंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका शुरू की थी, जिसमें पिछले आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों का उल्लेख था और इसे पुलिस थानों में कार्यरत सीसीटीवी कैमरों की कमी से जोड़ा गया था।

इससे पहले सीबीआई, ईडी और एनआईए जैसी एजेंसियों के ऑफिस में हिरासत में यातना रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के न्यायिक निर्देश पर केंद्र के कोई जवाब न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 नवंबर, 2025 को पूछा था कि क्या केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट को 'बहुत हल्के में' ले रही है। ज्ञात हो कि 2020 में जस्टिस रोहिंटन एफ। नरीमन (अब रिटायर्ड) की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह मामले में केंद्र को पुलिस थानों में हिरासत में अत्याचार रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण ज़रूरी तौर पर लगाने का निर्देश दिया था।

अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई), सीरियस फ्रॉड इंवेस्टिगेशन ऑफिस (सीएफआईओ) और 'कोई भी एजेंसी जो पूछताछ करती है और गिरफ्तार करने की शक्ति रखती है', के कार्यालयों में सीसीटीवी और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में कहा था कि सीसीटीवी और रिकॉर्डिंग उपकरण का इस्तेमाल सम्मान और जीवन के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए सुरक्षा के तौर पर किया जाएगा।

जस्टिस नरीमन ने निर्देश दिया था, 'क्योंकि इनमें से ज़्यादातर एजेंसियां अपने ऑफिस में पूछताछ करती हैं, इसलिए उन सभी ऑफिस में सीसीटीवी लगाना ज़रूरी होगा जहां ऐसी पूछताछ और आरोपी को हिरासत में लिया जाता है, ठीक वैसे ही जैसे पुलिस थानों में होता है।'

# ट्रेन चलने के दौरान लोको पायलट नहीं कर सकेंगे मोबाइल का यूज


## रेलवे खतरे में सिग्नल पास होने के मामलों को रोकने के लिए कदम उठाएगा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय रेलवे यात्रियों और ट्रेनों की आवाजाही सुरक्षित करने के दिशा में काम कर रही है। इसी के तहत रेलवे ने निर्देश दिया है कि, सिग्नल पास्ड एट डेंजर के मामलों को रोकने के लिए रनिंग स्टाफ के लिए काउंसलिंग की जाए, जिनसे बड़े हादसे होने का खतरा रहता है।

यह निर्देश अधिकारियों के इस नतीजे के बाद आया है कि ऐसी घटनाएं अक्सर ध्यान भटकने, गलत ब्रेक लगाने के फैसले, सिग्नल के बारे में गलत अंदाजा और तय तरीकों का पालन न करने की वजह से होती हैं। रेलवे सुरक्षा आयोग के डेटा के मुताबिक, 2020-21 में SPAD के 35 मामले, 2021-22 में 39, 2022-23 में 39, 2023-24 में 39 और 2024-25 में 35 मामले देखे गए।

भारतीय रेलवे में हाल ही में हुई परिचालन घटनाओं का रिव्यू किया, जिसमें कई SPAD मामले हुए और पाया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने और सुरक्षित काम करने के तरीकों को मजबूत करने के लिए, सभी संबंधित अधिकारी कई सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालन करेंगे। ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल के बारे में रनिंग स्टाफ के लिए काउंसलिंग की जाएगी।



साइन ऑन करते समय, लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और मोटरमैन CMS में बताएंगे कि उनके पास पर्सनल मोबाइल फोन है या नहीं। ट्रेन चलने के दौरान, सभी मोबाइल फोन (CUG और पर्सनल दोनों) बंद कर अपने बैगेज में रखने होंगे। हालांकि, CUG मोबाइल फोन का इस्तेमाल सिर्फ एक्सीडेंट या खराबी जैसी जरूरी जरूरतों में ही किया जा सकता है। ऐसे किसी भी इस्तेमाल का कारण यात्रा के आखिर में क्रू लॉबी में रखे रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए। रेलवे ने कहा कि किसी भी हालत में पूरी यात्रा के दौरान पर्सनल मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

ट्रेन के सफर के दौरान सिर्फ जरूरी लिखने का काम ही किया जाएगा। गैर-जरूरी पेपरवर्क ट्रेन निकलने से पहले या ट्रेन के तय स्टॉप के दौरान क्रू लॉबी में पूरा कर लेना चाहिए, ऐसा इसमें बताया गया है।

रोक वाले सिग्नल (सिंगल या डबल येलो) के पास पहुंचते समय स्पीड धीरे-धीरे कम की जाएगी। किसी भी हालत में अगले सिग्नल के आने का अंदाजा नहीं लगाया जाएगा। क्रू, जिसमें लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलट शामिल हैं, को ऐसे सिग्नल पार करते समय तय स्पीड लिमिट का पालन करने की सलाह दी जाएगी। उन्हें लगातार आगे के सिग्नल के आने पर नजर रखनी होगी और उसी हिसाब से ट्रेन को रेगुलेट करना होगा, जिसमें फॉर्मेशन की ब्रेक पावर, ग्रेडिएंट, सिग्नल की विजिबिलिटी, और ऐसी कोई भी दूसरी मौजूदा स्थिति शामिल हो सकती है जिससे स्पीड पर और रोक लगाने की जरूरत पड़ सकती है। ऑपरेशनल सेफ्टी को मजबूत करने और SPAD घटनाओं को रोकने की लगातार कोशिश में, रोक वाले सिग्नल के पास पहुंचते समय अलर्टनेस और तैयारी पर खास जोर दिया जा रहा है। जब कोई ट्रेन 'सिंगल येलो' सिग्नल देखती है, तो यह एक जरूरी चेतावनी होती है कि अगला सिग्नल खतरे में हो सकता है। ऐसी स्थितियों में, सहायक लोको पायलट की भूमिका खास तौर पर बहुत जरूरी हो जाती है। सहायक लोको पायलट को 'सिंगल येलो' सिग्नल पार करते समय पूरी तरह चौकन्ना रहना होता है और एक हाथ RS वाल्व पर रखना होता है। इस प्रैक्टिस से यह पक्का होता है कि अगर ट्रेन की स्पीड से पता चले कि अगले सिग्नल 'रेड' से पहले रुकने का खतरा है, तो तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाया जा सके।

जैसे ही ट्रेन अपने टर्मिनेटिंग स्टेशन के पास पहुंचती है, ध्यान और अलर्टनेस उतनी ही जरूरी होती है जितनी सफर के दौरान होती है। इन आखिरी पलों में, क्रू मेंबर्स को पर्सनल कामों पर ध्यान देने के बजाय ऑपरेशनल ड्यूटी पर पूरी तरह फोकस करना चाहिए। स्टाफ को सलाह दी जाती है कि जब तक ट्रेन पूरी तरह रुक न जाए, तब तक वे पर्सनल सामान पैक न करें।

रनिंग स्टाफ के साथ-साथ, ऑफिसर और सुपरवाइजर भी सेफ़्टी को मजबूत करने और SPAD घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभाते हैं। रेलवे ने ऑपरेशनल प्रैक्टिस में लगातार मॉनिटरिंग, गाइडेंस और सुधार पक्का करने के लिए कई स्ट्रक्चर्ड उपायों पर जोर दिया है।

फील्ड सेफ्टी डॉक्यूमेंट्स (FSDs) पूरे साल सभी क्रू मेंबर्स को जारी किए जाने चाहिए, ताकि यह पक्का हो सके कि सुरक्षा निर्देश नए और काम के रहें। खास तौर पर जरूरी और संवेदनशील जगहों जैसे कि मोड़ पर सिग्नल, दाहिने हाथ के सिग्नल, सबसे आखिर में लगे सिग्नल और परमानेंट स्पीड रिस्ट्रिक्शन्स (PSRs) को हाईलाइट करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इन जगहों को क्रू के ध्यान में बार-बार और खास तौर पर लाया जाना चाहिए ताकि जागरूकता और तैयारी बढ़ सके।

रेलवे के मुताबिक, सुपरवाइजर को CMS के जरिए CUG मोबाइल कॉल लॉग्स को रेगुलर एनालाइज करना भी जरूरी है ताकि कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल का पालन पक्का हो सके और उल्लंघन के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके। हर सिग्नल पास एट डेंजर (SPAD) घटना के लिए, एक पूरी तरह से रूट कॉज एनालिसिस किया जाना चाहिए। नतीजों को, बचाव के उपायों के साथ, काउंसलिंग सेशन के दौरान और ट्रेनिंग सेंटर्स के साथ सिस्टमैटिक तरीके से शेयर किया जाना चाहिए ताकि ज़्यादा से ज्यादा सीखने में मदद मिल सके।

# महुआ बना आदिवासियों की कमाई का सबसे बड़ा सहारा

## छिंदवाड़ा में महुआ के फूलों से सजता जंगल

एजेंसी | छिंदवाड़ा



मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में इन दिनों जंगलों का नज़ारा किसी मिठाई की दुकान जैसा दिखाई दे रहा है। यहां महुआ के पेड़ों से गिरते फूलों को ग्रामीण 'जंगल के रसगुल्ले' कहकर बुलाते हैं। इन मीठे फूलों को बीनने के लिए सुबह-सुबह लोग टोकरी लेकर पेड़ों के नीचे पहुंच जाते हैं। खास बात यह है कि आम लोगों के साथ स्थानीय विधायक भी इस काम में हिस्सा लेते नजर आते हैं। दरअसल, यह 'रसगुल्ले' महुआ के फूल हैं, जो फरवरी से मई तक पेड़ों से लगातार गिरते रहते हैं। इन फूलों को इकट्ठा कर सुखाया जाता है और फिर बाजार में बेचकर अच्छी कमाई की जाती है। इसके अलावा जून-जुलाई में महुआ के फल (गुल्ली) आते हैं, जिनसे तेल निकाला जाता है, जो आयुर्वेदिक दवाइयों और अन्य उपयोगों में काम आता है। ग्रामीणों का कहना है कि महुआ उनके लिए किसी खजाने से कम नहीं है। बिना किसी लागत के जंगल से मिलने वाला यह पेड़ उन्हें सालभर की आमदनी दे देता है। कई परिवार तीन महीने तक महुआ बीनकर इतना कमा लेते हैं कि पूरे साल का खर्च निकल जाता है। महुआ का महत्व सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। आदिवासी समाज में जन्म, विवाह और मृत्यु जैसे हर प्रमुख संस्कार में इसका विशेष स्थान है। शादी के रिश्तों में भी महुआ का फूल प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

# OpenAI में अब तक सबसे बड़ा निवेश, बनी दुनिया की Top AI कंपनी

एजेंसी | नई दिल्ली

तकनीक और एआई की दुनिया में इन दिनों एक बड़ी हलचल देखने को मिल रही है, जहां ओपनएआई ने अपने अब तक के सबसे बड़े निवेश दौर को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस सौदे के बाद कंपनी का मूल्यांकन रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है और इसे लेकर बाजार में काफी चर्चा बनी हुई है।



बता दें कि मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी ने करीब 122 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है, जिससे उसका कुल मूल्यांकन लगभग 852 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यह निवेश ऐसे समय में आया है जब कंपनी तेजी से अपने ढांचे को मजबूत करने में जुटी हुई है, जिसमें महंगे कंप्यूटिंग संसाधन, डेटा केंद्रों का विस्तार और अनुभवी विशेषज्ञों की नियुक्ति शामिल है। गौरतलब है कि इस निवेश में कई बड़े वैश्विक निवेशकों की भागीदारी रही है, जिससे कंपनी की साख और भी मजबूत हुई है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत बनाने के लिए क्रेडिट सुविधा का भी विस्तार किया है, जिससे भविष्य में बड़े स्तर पर निवेश करना आसान हो सके।मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी की आय और यूजर्स आधार में भी तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। कंपनी का दावा है कि उसकी मासिक आय काफी मजबूत स्तर पर पहुंच चुकी है और उसके प्लेटफॉर्म पर करोड़ों सक्रिय उपयोगकर्ता जुड़े हुए हैं। इसके अलावा कंपनी के सब्सक्रिप्शन और विज्ञापन से जुड़े प्रयोग भी तेजी से आय का नया स्रोत बनते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कंपनी का व्यावसायिक हिस्सा भी लगातार बढ़ रहा है।

# केमिकल से पके आम ऐसे पहचानें, खरीदने से पहले जरूर जानें ये तरीके

एजेंसी | नई दिल्ली

आम का सीजन शुरू होते ही बाजार में अल्फोंसो, केसर और बंगनपल्ली जैसी कई किस्में नजर आने लगती हैं। लेकिन इनकी चमक-दमक के पीछे एक बड़ा खतरा भी छिपा होता है—केमिकल से पकाए गए आम। ऐसे आम स्वाद में भले अच्छे लगें, लेकिन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इसलिए यह जानना बेहद जरूरी है कि असली और नकली (केमिकल से पके) आम की पहचान कैसे करें।

कैसे पहचानें केमिकल से पके आम

**खुशबू से पहचान:** प्राकृतिक रूप से पके आमों में हल्की मीठी खुशबू होती है, जबकि केमिकल से पके आमों में खुशबू नहीं होती।

**रंग में फर्क:** नेचुरल आम का रंग पीला और हरा मिला-जुला होता है, जबकि केमिकल वाले आम पूरी तरह एक जैसे चमकीले पीले दिखते हैं।

**छूकर देखें:** प्राकृतिक आम दबाने पर हल्के नरम होते हैं, जबकि केमिकल से पके आम ज्यादा सख्त और चिकने होते हैं।

**अंदर से जांच:** बाहर से पीले दिखने वाले केमिकल आम अंदर से कच्चे और स्वाद में खट्टे हो सकते हैं।

**पानी टेस्ट:** एक बाल्टी पानी में आम डालें - नेचुरल आम नीचे बैठ जाते हैं, जबकि केमिकल से पके आम तैरने लगते हैं।

**सेहत पर पड़ता है गंभीर असर**

केमिकल से पके आम खाने से पेट दर्द, उल्टी, दस्त, गले में जलन, चक्कर और सांस से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कैल्शियम कार्बाइड से निकलने वाली गैस शरीर में रहने पर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकती है। इसके अलावा, यह लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है

# कर्ज बाज़ार में महिलाओं का दबदबा, 76 लाख पोर्टफोलियो

## नीति आयोग के अनुसार महिला उद्यमिता में 31% वृद्धि


एजेंसी | नई दिल्ली



भारत की आर्थिक प्रगति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करते हुए नीति आयोग ने एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कुल 'सिस्टम क्रेडिट' (कुल बैंकिंग ऋण) में महिला कर्जदारों की हिस्सेदारी अब 26% तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं का कुल क्रेडिट पोर्टफोलियो अब 76 लाख करोड़ का हो गया है।

'विमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म' के तहत ट्रांसयूनियन सिबिल और माइक्रोसेव कंसल्टिंग द्वारा तैयार इस रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2017 में महिलाओं का कुल ऋण पोर्टफोलियो केवल 16 लाख करोड़ था। पिछले आठ वर्षों में इसमें 4।8 गुना की शानदार वृद्धि देखी गई है। महिलाएं अब केवल बुनियादी वित्तीय समावेशन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सक्रिय रूप से कर्ज लेकर निवेश और व्यापार कर रही हैं। रिपोर्ट की सबसे बड़ी विशेषता महिलाओं द्वारा लिए जाने वाले बिजनेस लोन में आई तेजी है। 2022 से 2025 के बीच, महिला उद्यमियों को दिए जाने वाले कमर्शियल क्रेडिट में 31% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। इसकी तुलना में, कुल कमर्शियल क्रेडिट की वृद्धि दर केवल 17% रही। यह स्पष्ट करता है कि महिलाएं अब नए स्टार्टअप और छोटे उद्योगों की स्थापना के लिए ऋण लेने में पुरुषों से कहीं आगे निकल रही हैं।

## Good DAY



समर न्यूज़ | लुधियाना

यह नई सुबह आपके जीवन में नई उम्मीदों और खुशियों की किरण लेकर आए। हर दिन एक नया अवसर होता है, इसलिए आज को सकारात्मक सोच और पूरे उत्साह के साथ अपनाएं। बीते कल को पीछे छोड़कर आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें। खुद पर विश्वास रखें, मेहनत करते रहें और चेहरे पर मुस्कान बनाए रखें।

**हरदीप अरोड़ा**
**फैशन कोरियोग्राफर**

# Chrome में आए वर्टिकल टैब्स और नया रीडिंग मोड

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

गूगल ने अपने ब्राउज़र क्रोम में दो नए फीचर्स पेश किए हैं। ये अपडेट खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं, जो एक साथ बहुत सारे टैब्स खोल कर काम करते हैं या काफी लंबे समय तक ऑनलाइन पढ़ाई और रिसर्च जैसे काम करते हैं।

गूगल क्रोम ने अब वर्टिकल टैब्स फीचर को लॉन्च कर दिया है। अभी तक आप गूगल क्रोम में किसी वेबसाइट की ब्राउज़िंग करते थे तो टैब्स स्क्रीन के ऊपर टॉप में खुला करते थे, लेकिन अब यूज़र्स चाहे तो टैब्स को स्क्रीन के साइड में वर्टिकली भी सेट कर सकते हैं। इस फीचर को ऑन करने के लिए आपको किसी भी क्रोम विंडो पर राइट क्लिक करना होगा और फिर "Show Tabs Vertically" का ऑप्शन चुनना होगा। वर्टिकल लेआउट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें टैब्स के पूरे नाम




आसानी से पढ़े जा सकते हैं, जिससे सही टैब ढूंढना आसान हो जाता है। खासकर तब, जब एक साथ कई टैब्स खुले हों। यह यूज़र्स के लिए एक खास और अहम बदलाव हो सकता है।

गूगल क्रोम में रीडिंग मोज का नया फुल-पेज इंटरफेस जोड़ा गया है। यह फीचर वेबपेज से अनावश्यक एलिमेंट्स जैसे विज्ञापन, पॉप-अप और अन्य डिस्ट्रैक्शन हटाकर सिर्फ कंटेंट पर फोकस करने में मदद करता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए किसी भी वेबपेज पर राइट क्लिक करके "Open in reading mode" का ऑप्शन चुनना होगा। इसके बाद पेज एक क्लीन और टेक्स्ट-फोकस्ड फॉर्मेट में बदल जाएगा, जो पढ़ने के अनुभव को काफी बेहतर बनाएगा।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### इस साल जनवरी में सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए थे

# वंदे मातरम् गाने के सरकारी आदेश का से पालन करें विवि: यूजीसी

एजेंसी | नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को केंद्र सरकार की उस अधिसूचना का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है जिसमें विशिष्ट अवसरों पर वंदे मातरम को पूरा गाने का प्रावधान है।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च शिक्षा नियामक ने गृह मंत्रालय द्वारा इस साल 28 जनवरी को जारी आदेश को पुनः साझा किया है, जिसमें 'सख्त अनुपालन' का निर्देश दिया गया है।

इस संबंध में यूजीसी ने सोमवार (6 अप्रैल) को जारी एक पत्र में कहा, 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 28 जनवरी, 2026 को जारी 'भारत के राष्ट्रीय गीत से संबंधित आदेश' की प्रति संलग्न है। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों से अनुरोध है कि वे उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें और इस संबंध में उचित निर्देश जारी करें।'

उल्लेखनीय है कि बांग्ला साहित्य के दिग्गज बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1870 के दशक में संस्कृतनिष्ठ बंगाली में रचित यह गीत सर्वप्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपनाया गया था। 1950 में इस गीत के पहले दो छंदों को भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया था। गृह मंत्रालय के इस आदेश से पहले तक वंदे मातरम को लेकर कोई आधिकारिक प्रोटोकॉल नहीं था।

गौरतलब है कि इस साल जनवरी में सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए थे। इसके तहत वंदे मातरम को कई आधिकारिक कार्यक्रमों में गाया जाना अनिवार्य कर दिया गया। साथ ही अब राष्ट्रगीत के भी गायन या वादन के दौरान श्रोताओं को राष्ट्रगान की तरह ही सावधान की मुद्रा में खड़े होने की बात कही गई। इसके अलावा किसी भी कार्यक्रम में यह 6 छंद वाला पूरा राष्ट्रगीत बजाने का आदेश दिया गया।




केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए 10 पन्नों के सरकारी आदेश में मंत्रालय ने यह भी कहा था कि यदि राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन-गण-मन को एक साथ गाया या बजाया जाता है, तो वंदे मातरम पहले बजाया जाएगा और इसका सम्मान भी राष्ट्रगान की तरह ही किया जाएगा।

गृह मंत्रालय के आदेश में उन अवसरों और आयोजनों को तीन श्रेणियों में परिभाषित किया गया था, जहां ये गीत बजाया जाना है या बजाया जा सकता है।

आदेश में कहा गया कि निम्नलिखित अवसरों पर 'राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण बजाया जाएगा' – नागरिक अलंकरण समारोह, राष्ट्रपति का औपचारिक राजकीय समारोहों और सरकार द्वारा आयोजित अन्य समारोहों में आगमन और उनके प्रस्थान के समय, राष्ट्रपति द्वारा आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) और टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करने से ठीक पहले और बाद में, राज्यपाल/उपराज्यपाल का अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में औपचारिक राजकीय समारोहों में आगमन और उनके प्रस्थान के समय, जब राष्ट्रीय ध्वज परेड में लाया जाता है, और कोई अन्य अवसर जिसके लिए भारत सरकार द्वारा विशेष आदेश जारी किए जाते हैं।

दूसरी श्रेणी – जिसमें गीत बजाने के साथ-साथ सामूहिक गायन भी शामिल है – में राष्ट्रीय ध्वजारोहण, सांस्कृतिक अवसर या परेड के अलावा अन्य समारोह शामिल हैं। अन्य ऐसे आयोजनों में राष्ट्रपति का किसी सरकारी या सार्वजनिक समारोह में आगमन (औपचारिक राजकीय समारोहों को छोड़कर) और ऐसे समारोहों से उनके प्रस्थान से ठीक पहले का समय शामिल है। आदेश में कहा गया है, 'जब भी राष्ट्रगीत गाया जाए, तो आधिकारिक संस्करण का सामूहिक गायन के साथ पाठ किया जाएगा।'

कार्यक्रमों की तीसरी श्रेणी – जहां राष्ट्रगीत गाया जा सकता है – में स्कूलों के कार्यक्रम शामिल हैं।

ज्ञात हो कि दिसंबर 2025 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हुई बहस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में लगभग 10 घंटे तक चली बहस का नेतृत्व किया था, जिसमें गीत की उत्पत्ति और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका पर चर्चा की गई थी।

तीर्थ यात्रा बनी अंतिम सफर

# वृंदावन नाव हादसे में भिवानी की महिला श्रद्धालु की मौत

समर न्यूज़ | भिवानी



वृंदावन में हुए दर्दनाक नाव हादसे में भिवानी के जगत कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय आशा मिड्ढा की मौत हो गई। वह रेलवे रोड स्थित जगदंबा भोजनालय संचालक अर्जुन मिड्ढा की पत्नी थीं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन तुरंत वृंदावन के लिए रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार आशा मिड्ढा तीर्थ यात्रा के लिए अपने मायके पक्ष के साथ मथुरा-वृंदावन गई थीं। हादसे के समय उनके साथ उनकी भाभी और भतीजी भी मौजूद थीं। आशा तीन बच्चों की मां थीं और उनके दो बेटे व एक बेटी हैं, सभी विवाहित हैं। परिजनों के मुताबिक आशा यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित थीं। वह नौ अप्रैल को घर से निकली थीं और यात्रा की शुरुआत में सोनीपत अपनी बेटी के पास रुकी थीं। उनके बेटे उन्हें सोनीपत तक छोड़ने गए थे, जबकि बेटी और दामाद उन्हें आगे मुरथल तक बस में बैठाने के लिए पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि वह लुधियाना से आने वाली बस से मथुरा के लिए रवाना हुई थीं, जहां यह हादसा हो गया। परिवार का कहना है कि किसी ने नहीं सोचा था कि यह धार्मिक यात्रा उनका अंतिम सफर साबित होगी। इस घटना के बाद पूरे परिवार में गहरा शोक छा गया है और गांव-शहर में मातम का माहौल है।

# किसानों का बायोमेट्रिक नियमों के खिलाफ प्रदर्शन

## टोल प्लाजा जाम की चेतावनी

समर न्यूज़ | हिसार

गेहूं खरीद प्रक्रिया में लागू किए गए बायोमेट्रिक सत्यापन और ट्रैक्टर नंबर प्लेट से जुड़े नियमों के विरोध में किसान संगठनों ने प्रदेशभर में आंदोलन का ऐलान किया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि वे विभिन्न टोल प्लाजा पर चार घंटे तक प्रदर्शन करते हुए हाईवे जाम करेंगे। इस आंदोलन को आढ़ती और मजदूर संगठनों का भी समर्थन मिलने की बात कही जा रही है।

किसानों का कहना है कि नई व्यवस्था के चलते मंडियों में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर की धीमी गति के कारण बायोमेट्रिक सत्यापन में बाधा आ रही है, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। हालांकि, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फिंगरप्रिंट न मिलने पर आंखों की स्कैनिंग की सुविधा दी गई है और जरूरत पड़ने पर मैनुअल अनुमति भी दी जा रही है। इसके बावजूद किसान इस प्रणाली को अव्यवहारिक बताते हुए विरोध जता रहे हैं।

वहीं, अधिकारी लस्टर लॉस का आकलन करने वाली टीम की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, ताकि आगे की खरीद प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जा सकें।

इस बीच सिरसा जिले के मीरपुर गांव में आग लगने से किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। करीब 26 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रभावित किसानों का आरोप है कि रेलवे ट्रैक से गुजर रही ट्रेन से किसी जलती वस्तु के गिरने से आग लगी, जो तेज हवा के कारण तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फसल राख हो चुकी थी। किसानों ने बताया कि उन्होंने यह जमीन 75 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से ठेके पर ली थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

# 11 साल बाद जमानत पर रिहा रामपाल, सुरक्षा के बीच जेल से बाहर आया

समर न्यूज़ | हिसार





पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सतलोक आश्रम प्रमुख रामपाल करीब 11 साल से अधिक समय जेल में बिताने के बाद हिसार सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। सफेद कुर्ता-पायजामा और ब्रांडेड जूते पहने रामपाल हल्की मुस्कान के साथ जेल से बाहर निकला, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

रिहाई के दौरान भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि, सीमित संख्या में मौजूद समर्थकों ने दूर से ही हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। जेल गेट पर तैनात संतरी ने भी रामपाल के बाहर आते ही प्रणाम किया।

रिहाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रामपाल कुछ ही मिनटों में लग्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ सोनीपत स्थित अपने पैतृक गांव धनाना के लिए रवाना हो गया।

काफिले में कई महंगी गाड़ियां शामिल थीं और हरियाणा पुलिस की एक गाड़ी एस्कॉर्ट के रूप में साथ चल रही थी।

इससे पहले दिन में अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई, जहां गवाहों के बयान दर्ज किए गए और अगली सुनवाई की तारीख 16 मई तय की गई। दोपहर बाद अदालत में जमानती बॉन्ड भरने की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद रिहाई के आदेश जेल प्रशासन को सौंपे गए।

रामपाल को 8 अप्रैल को हाईकोर्ट से देशद्रोह मामले में सशर्त जमानत मिली थी। उसके साथ बंद दो अन्य अनुयायियों के भी बेल बॉन्ड पूरे कराए गए।

परिजनों और समर्थकों ने रिहाई को लंबे समय बाद मिला न्याय बताते हुए खुशी जाहिर की। उनके अनुसार, रामपाल की वापसी अनुयायियों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है और गांव धनाना में उनके स्वागत की तैयारियां पहले से की गई थीं।

गौरतलब है कि 2014 में बरवाला स्थित सतलोक आश्रम में पुलिस कार्रवाई के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद रामपाल को गिरफ्तार कर देशद्रोह समेत कई मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनमें से अधिकांश में अदालत पहले ही राहत दे चुकी है।

# दिनदहाड़े सीमेंट व्यापारी प्रवीण को गोली मारकर हमलावर फरार

समर न्यूज़ | रोहतक

रोहतक में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सुखपुरा चौक के पास सीमेंट और सरिया व्यापारी प्रवीण सैनी (32) को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। हमलावर वारदात को अंजाम देकर पैदल ही मौके से फरार हो गया। घायल व्यापारी को गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, प्रवीण सैनी प्रेम नगर चौक निवासी हैं और गोहाना रोड पर सुखपुरा चौक के पास अपनी दुकान का संचालन करते हैं। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह दुकान पर बैठे थे, तभी एक युवक पैदल आया और उन पर तीन-चार राउंड फायर किए। इनमें से एक गोली उन्हें लग गई।

फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूचना मिलते ही पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हमलावर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीआईए, स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ और अन्य पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में किसी रंजिश या आपराधिक एंगल की भी पड़ताल की जा रही है, हालांकि परिजनों ने अभी किसी भी विवाद की जानकारी होने से इनकार किया है।

नूंह में राशन घोटाले के आरोप

# ग्रामीणों ने डिपो होल्डर पर उठाए गंभीर सवाल

समर न्यूज़ | नूंह



हरियाणा के नूंह जिले के खेड़ली कलां गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तहत राशन वितरण में अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। गांव के कई लाभार्थियों ने डिपो होल्डर और उसके सहयोगियों पर गरीबों के हक का राशन हड़पने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार से पांच महीनों से पीओएस मशीन पर अंगूठा लगवाने के बावजूद उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है।

पीड़ित कार्डधारक तौफीक सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डिपो होल्डर उमर और उसका सहयोगी कासम उन्हें लगातार गुमराह कर रहे हैं और राशन वितरण के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सिस्टम में वितरण दिखाने के लिए अंगूठा तो लिया जाता है, लेकिन वास्तविक अनाज नहीं दिया जाता, जिससे कई महीनों का राशन प्रभावित परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले की शिकायत कई बार सीएम विंडो और संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि पहले डिपो की सप्लाई निलंबित की गई थी, लेकिन बाद में कथित तौर पर लेन-देन के बाद इसे फिर से बहाल कर दिया गया। करीब 60 से 70 परिवार इस कथित अनियमितता से प्रभावित बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई और बकाया राशन नहीं मिला, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# ट्रैक्टर का कहर मकान की दीवार तोड़ घुसा, 3 घायल

समर न्यूज़ | पलवल

पलवल के गांव सौन्दहद में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर ने भारी तबाही मचा दी। हादसे में एक व्यक्ति की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर की टक्कर से एक मकान की दीवार, बरामदा और छत ढह गई, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार सुबह गांव का ही निवासी उदय न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर को तेज रफ्तार में चला रहा था। इसी दौरान घर के बाहर खड़े मोहित के चाचा तारा ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और बुरी तरह घायल हो गए।

हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर सीधे पास के मकान की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान का ढांचा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बरामदा व छत गिर गई।

इस दौरान बरामदे में बैठे वीरपाल और देवबती मलबे के नीचे दब गए, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल होडल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें फरीदाबाद रेफर किया गया।

परिजनों के अनुसार, तारा की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद पीड़ित परिवार इलाज में व्यस्त था, जिसके चलते शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई।

मुंडकटी थाना पुलिस ने मोहित की शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक उदय के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निगम टीम को कब्जा हटाते मिली धमकी

समर न्यूज़ | हिसार

हिसार में नगर निगम की तहबाजारी टीम को अतिक्रमण हटाने के दौरान गंभीर विरोध का सामना करना पड़ा। अभियान के दौरान एक रेहड़ी संचालक ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए इंचार्ज को जान से मारने की धमकी दे दी, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम की ओर से शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत तहबाजारी टीम ने पहले रेलवे स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाया और इसके बाद टीम राजगुरु मार्केट पहुंची। राजगुरु मार्केट में टीम ने एक रेहड़ी संचालक को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। स्थिति तब बिगड़ गई जब टीम ने रेहड़ी जब्त करने की कार्रवाई शुरू की। रेहड़ी संचालक ने टीम के साथ गाली-गलौज की।

# न्यूनतम वेतन में वृद्धि पर सीएम का सम्मान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में न्यूनतम वेतन में की गई ऐतिहासिक बढ़ोतरी को लेकर श्रमिक संगठनों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। इस संबंध में भारतीय मजदूर संघ सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उनके आधिकारिक आवास 'संत कबीर कुटीर' में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और इस फैसले को श्रमिक हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया। इस दौरान सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री का मुंह मीठा कराकर खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

# डीघल हत्याकांड: मध्यप्रदेश का आरोपी शिवम पुलिस गिरफ्त में

समर न्यूज़ | झज्जर

झज्जर जिले के डीघल में हुए फाइनेंसर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी शिवम को झज्जर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दबोच लिया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश निवासी शिवम के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, झज्जर पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गाजियाबाद में दबिश दी और आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के समय शिवम को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर झज्जर लाया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण सिविल अस्पताल में कराया गया।

इसके बाद आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की गहनता से जांच की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में शिवम की इस हत्या में प्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है, हालांकि पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए पूछताछ जारी है।

झज्जर पुलिस अब इस हत्याकांड में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश में भी लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जा सकता है और अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# कर्नाल अनाज मंडी पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा,:सरकार पर साधा निशाना, किसानों की समस्याएं उठाईं

समर न्यूज़ | करनाल



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने करनाल अनाज मंडी का दौरा कर किसानों और आढ़तियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा व्यवस्था में किसान अपने ही देश में खुद को उपेक्षित और परेशान महसूस कर रहा है।

हुड्डा ने कहा कि 'मेरी फसल–मेरा ब्यौरा', गेट पास और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी प्रक्रियाएं किसानों के लिए राहत नहीं बल्कि परेशानी का कारण बन गई हैं। उनके अनुसार इन व्यवस्थाओं का बोझ किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में बाधा पैदा कर रहा है और उन्हें एमएसपी से कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने फसल नुकसान पर तत्काल मुआवजे की मांग भी की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए दावा किया कि हरियाणा पर कर्ज का बोझ 2014 में 70 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध और असुरक्षा का माहौल बढ़ा है तथा कई संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

शिक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए हुड्डा ने कहा कि स्कूलों की स्थिति लगातार खराब हो रही है, कई प्राथमिक विद्यालय बंद किए जा रहे हैं और जहां स्कूल चल रहे हैं वहां शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कथित घोटालों की लंबी सूची है, लेकिन उनमें से बहुत कम ही सामने आ पाते हैं। हुड्डा ने सरकार से किसानों, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की।

# STF ने वांटेड गैंगस्टर साहिल को थाईलैंड से किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए मोस्ट वांटेड गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से हरियाणा पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की रडार पर था।

जानकारी के अनुसार, साहिल चौहान कुख्यात कौशल चौधरी गैंग का सक्रिय सदस्य है और पिछले काफी समय से भारत से फरार चल रहा था। वह थाईलैंड में छिपकर अपने आपराधिक नेटवर्क को संचालित कर रहा था। जांच एजेंसियों का कहना है कि विदेश में रहते हुए भी साहिल हरियाणा और आसपास के राज्यों में रंगदारी, गैंगवार और टारगेट किलिंग जैसी वारदातों को अंजाम दिलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। इसके अलावा वह गैंग के लिए फंडिंग और हथियारों की व्यवस्था से जुड़े नेटवर्क को भी संभाल रहा था। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और हरियाणा STF के संयुक्त ऑपरेशन के बाद उसे थाईलैंड में डिटेन किया गया। अब उसे डिपोर्ट कर भारत लाया जा रहा है, जहां दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुग्राम और अंबाला STF की संयुक्त टीम उसे अपनी हिरासत में लेगी।

# गोहाना के मेन बाजार में घर में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

समर न्यूज़ | गोहाना

हरियाणा के गोहाना शहर के वार्ड-11 स्थित मेन बाजार में शुक्रवार सुबह एक घर में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, यह मकान गुरुद्वारे के पूर्व प्रधान सरदार काबल सिंह का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घर में धार्मिक रूप से गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष ज्योत प्रज्वलित की गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी ज्योत से आग भड़क गई, जिसने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही घर से तेज लपटें उठने लगीं, जिसके बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मेन बाजार की संकरी गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा अधिकतर सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं नगर परिषद से जुड़े एक प्रतिनिधि ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।


दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तंग गलियों के कारण राहत कार्य में देरी हुई। बाद में आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। परिवार की ओर से अभी तक किसी आधिकारिक बयान में स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है।

खंडहर इमारतें

नगरपालिका की नोटिस कार्रवाई तक सीमित

# महेंद्रगढ़ में जर्जर हवेलियां बनी रहीं खतरा

समर न्यूज़ | महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़ शहर में पुरानी हवेलियों की जर्जर हालत अब गंभीर खतरे का कारण बनती जा रही है। शहर के मुख्य बाजारों और रिहायशी इलाकों में स्थित कई पुरानी हवेलियां वर्षों से उपेक्षा के चलते खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं और कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन जर्जर इमारतों की दीवारें और छतें कमजोर हो चुकी हैं, कई जगहों पर दरारें साफ दिखाई देती हैं और इनके भीतर उगी झाड़ियां व पेड़-पौधे संरचना को और अधिक कमजोर कर रहे हैं। कई हवेलियों से ईंटें और मलबा गिरने लगा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

नगरपालिका द्वारा कुछ समय पहले इन इमारतों को खतरनाक घोषित करते हुए नोटिस जारी किए गए थे और मालिकों को मरम्मत या ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ गई हैं।

ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिक नोटिस तक सीमित है, जबकि जर्जर इमारतों को हटाने के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। कई जगह इन हवेलियों के नीचे दुकानों और पार्किंग के कारण खतरा और बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों ने यह भी आशंका जताई है कि अवैध निर्माण और आसपास की गतिविधियों के चलते पुरानी संरचनाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे इनके ढहने का खतरा और बढ़ गया है।

नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि सभी जर्जर हवेलियों की पहचान कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वीकार किया कि शहर में कई पुरानी हवेलियां बेहद खराब स्थिति में हैं और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा और दीपक हुड्डा का रिश्ता टूटा



समर न्यूज़ | हिसार

इंटरनेशनल बॉक्सर और अर्जुन अवॉर्डी स्वीटी बूरा तथा भारतीय कबड्डी टीम के खिलाड़ी दीपक हुड्डा का अब आधिकारिक रूप से तलाक हो गया है। दोनों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद फैमिली कोर्ट ने आपसी सहमति के आधार पर तलाक को मंजूरी दे दी। वर्ष 2022 में दोनों की शादी बड़े धूमधाम से हुई थी, जिसमें खेल जगत और कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई थीं। जानकारी के अनुसार, शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन वर्ष 2025 तक आते-आते दोनों के रिश्तों में गंभीर तनाव पैदा हो गया।

## पठानकोट-भरमौर हाईवे पर भारी लैंडस्लाइड

# सैकड़ों वाहन फंसे, लोगों को जान जोखिम में डालकर पार करना पड़ा रहा है रास्ता

समर न्यूज़ | चंबा/भरमौर



पंजाब और हिमाचल प्रदेश को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बीती रात बड़ा लैंडस्लाइड होने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में बत्ती हटी के पास रात करीब 2 बजे पहाड़ का बड़ा हिस्सा अचानक सड़क पर आ गिरा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना के सात घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी सड़क बहाल नहीं हो सकी, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मार्ग पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पर्यटक भी फंसे हुए हैं, जो वीकेंड के चलते पहाड़ी इलाकों की ओर जा रहे थे।

लैंडस्लाइड के बाद हालात इतने खराब हो गए कि लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर मलबे के ऊपर से सड़क पार करनी पड़ी। कई कामकाजी लोग और स्कूली बच्चे जरूरी कामों के चलते मलबे पर चढ़कर दूसरी ओर जाने को मजबूर दिखे। वहीं कुछ लोगों ने ठंड के बावजूद रावी नदी में उतरकर दूसरी तरफ पहुंचने की कोशिश की, जो बेहद खतरनाक साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सुबह करीब 8:30 बजे तक भी मौके पर मशीनरी नहीं पहुंची, जिससे राहत कार्यों में देरी हुई और लोगों की परेशानी बढ़ती चली गई। यात्रियों का कहना है कि आपदा जैसी स्थिति में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन संबंधित विभागों की धीमी प्रतिक्रिया से हालात और बिगड़ गए।

यह हाईवे पंजाब को हिमाचल के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे भरमौर, डलहौजी, खजियार और धर्मशाला से जोड़ता है, इसलिए इस मार्ग का बंद होना सैकड़ों यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। खासकर वीकेंड के चलते पर्यटकों की संख्या ज्यादा होने से जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। प्रशासन की ओर से फिलहाल मलबा हटाने के प्रयास शुरू करने की बात कही जा रही है, लेकिन मौके पर संसाधनों की कमी और देरी को लेकर लोगों में रोष साफ नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क को बहाल किया जाए और भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

## बदलते सिनेमा में किरदारों की नई परिभाषाः रज़ा मुराद



समर न्यूज़ | हमीरपुर

हमीरपुर के एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता रज़ा मुराद ने अभिनय, सिनेमा और अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बातचीत की। एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे इस अनुभवी कलाकार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अभिनय केवल संवाद बोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक साधना है, जिसमें अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। उन्होंने अपने लंबे फिल्मी करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न प्रकार के किरदार निभाए हैं और हर भूमिका को पूरी गंभीरता और ईमानदारी से निभाने की कोशिश की है। उनके अनुसार, समय की पाबंदी और प्रोफेशनल रवैया किसी भी कलाकार की पहचान होते हैं।

# हिमाचल की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी

## पर्यटक खुशी से झूमे, पांच जिलों में यलो अलर्ट

समर न्यूज़ | शिमला/लाहौल-स्पीति



हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर शनिवार दोपहर करीब 2 बजे के बाद ताजा बर्फबारी शुरू हो गई, जिसे देखकर पर्यटक खुशी से झूम उठे। लाइव स्नोफॉल का आनंद लेते हुए सैलानी बर्फ में नाचते-गाते नजर आए और एक-दूसरे पर बर्फ के गोले फेंककर इस मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया।

अटल टनल के नॉर्थ और साउथ पोर्टल, कोकसर, शिंकुला और रोहतांग दर्रा समेत कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया। बर्फबारी से इन इलाकों का नजारा और भी खूबसूरत हो गया है, जिससे पर्यटन गतिविधियों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

वहीं राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग (आईएमडी) ने कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, चंबा और शिमला जिलों के कुछ क्षेत्रों में आंधी-तूफान और आसमानी बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए इन पांच जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इसके बाद 13 से 15 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी और लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। हालांकि 16 और 17 अप्रैल को फिर से मौसम के बदलने के संकेत हैं, खासकर ऊंचाई और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है।

बीते 24 घंटों के दौरान मौसम साफ रहने के चलते प्रदेश के औसत अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन इसके बावजूद यह सामान्य से 2.7 डिग्री कम बना हुआ है। मौसम के इस बदलते मिजाज ने जहां एक ओर पर्यटकों को आकर्षित किया है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन के लिए सतर्कता भी बढ़ा दी है।

## कन्फ्यूजन दूर करने उतरे मीडिया सलाहकार

# एंट्री टैक्स पर सरकार का यू-टर्न, टैक्सी को राहत

संजू | शिमला
समर न्यूज़



शिमला में एंट्री टैक्स को लेकर गरमाई सियासत के बीच मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित बढ़ोतरी को वापस ले लिया गया है और किसी भी तरह का नया टैक्स लागू नहीं किया गया है।

नरेश चौहान ने साफ किया कि एंट्री टैक्स को लेकर फैली गलतफहमियों को मुख्यमंत्री ने दूर कर दिया है। खास तौर पर टैक्सी चालकों के लिए राहत देते हुए उन्होंने कहा कि टैक्सी वाहनों से कोई एंट्री टैक्स नहीं लिया जाएगा।

गुड्स और पैसेंजर वाहनों के लिए भी सरकार ने राहत भरे प्रावधान किए हैं। पहले 20 क्विंटल तक भार ढोने वाले वाहनों पर 130 रुपये टैक्स था, जिसे अब 7500 किलोग्राम कैटेगरी में समायोजित कर 170 रुपये कर दिया गया है। वहीं, पैसेंजर वाहनों में भी बदलाव किया गया है - पहले 1 से 5 यात्रियों तक 70 रुपये लिए जाते थे, अब 6 से 12 यात्रियों के लिए 110 रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि 12+1 क्षमता वाले वाहनों के लिए केवल 100 रुपये टैक्स रखा गया है।

इसके अलावा, पंजाब सीमा के 5 किलोमीटर दायरे में आने-जाने वाले स्थानीय लोगों के लिए रियायती पास जारी किए जाएंगे। बसों के एंट्री पास में भी मामूली 20 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नया टैक्स नहीं बल्कि पहले से लागू व्यवस्था में सीमित संशोधन था, जिसे अब वापस लेकर लोगों को राहत दी गई है।

## करियाने की आड़ में अवैध शराब की 170 पेटियां बरामद

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

थाना सदर के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के प्रतापनगर में करियाने की दुकान की आड़ में चल रहे अवैध शराब के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने किराये के मकानों और दुकानों से लगभग 170 पेटियां शराब बरामद की हैं। टीम ने पांच घंटे से अधिक समय तक सर्च अभियान चलाया। इस दौरान किराने की एक दुकान से पांच और दूसरी दुकान से सात पेटियां शराब बरामद की गईं। इसके बाद जब टीम ने किराये पर लिए गए कमरों की तलाशी ली तो वहां से करीब 158 से अधिक बोतलें देसी और अंग्रेजी शराब की बरामद हुईं। 170 पेटियां शराब जब्त की गई हैं।

# पेंशन विवाद पर सरकार सतर्क, हाईकोर्ट के फैसले का होगा गहन अध्ययन

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा पूर्व विधायकों की पेंशन बहाल करने के आदेश के बाद राज्य सरकार ने संतुलित प्रतिक्रिया दी है। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार ने अभी तक फैसले का पूरा अध्ययन नहीं किया है, लेकिन जल्द ही इसके सभी कानूनी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट ने केवल दो पूर्व विधायकों के मामलों में पेंशन जारी करने के निर्देश दिए हैं और किसी मौजूदा कानून या विधेयक पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है।

मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार पहले एक पेंशन संशोधन विधेयक लेकर आई थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया था। इसके स्थान पर बजट सत्र 2026 में एक नया विधेयक पारित किया गया। इस नए कानून में केवल 14वीं विधानसभा के उन विधायकों की पेंशन रोकने का प्रावधान किया गया है, जिन्हें दल-बदल कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रावधान भविष्य के मामलों पर लागू होगा और इसका पूर्व विधायकों की पेंशन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व विधायक अदालत पहुंचे थे, वहां कोर्ट ने तथ्यों के आधार पर पेंशन जारी करने का निर्णय दिया है। सरकार अब यह तय करेगी कि इस फैसले के खिलाफ अपील करनी है या नहीं।उन्होंने यह भी कहा कि नया पेंशन प्रावधान किसी व्यक्ति विशेष को ध्यान में रखकर नहीं लाया गया, बल्कि इसका उद्देश्य दल-बदल और क्रॉस वोटिंग जैसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाना है। राज्यसभा चुनाव के दौरान हुई क्रॉस वोटिंग और बजट सत्र में अनुपस्थिति के कारण कुछ विधायकों की अयोग्यता का मुद्दा भी इसी संदर्भ में सामने आया। मंत्री के अनुसार, हिमाचल की राजनीति में इस तरह की घटनाएं पहले नहीं देखी गई थीं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसे कदम जरूरी हैं।

## चुनावी रोस्टर पर भाजपा ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश की राजनीति में पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में चुनावी रोस्टर को लेकर लगातार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनके अनुसार, कुछ ही दिनों में अलग-अलग रोस्टर जारी किए जा रहे हैं और हर बार आरक्षण का स्वरूप बदल रहा है। बिंदल ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया।

# सुक्खू सरकार पर सुधीर शर्मा का तीखा हमला

## बोले -झूठी गारंटियों में उलझी सरकार

राहुल चावला | धर्मशाला
समर न्यूज़



धर्मशाला में भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जहां भी जाते हैं, वहां झूठी गारंटियों का जिक्र करते रहते हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री यह दावा कर रहे हैं कि प्रदेश सरकार ने सभी महिलाओं को 1500-1500 रुपए दे दिए हैं और अब पुरुषों को भी यह राशि दी जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग है।

सुधीर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री 2027 तक प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध और 2032 तक हिमाचल को देश का सबसे अमीर राज्य बनाने की बात करते हैं, लेकिन उन्हें प्रदेश की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं है। ऐसा लगता है जैसे मुख्यमंत्री को प्रदेश में हो रही घटनाओं की जानकारी ही नहीं है। विधायक सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति पहले से ज्यादा खराब हुई है। पूरे देश को पता है कि इस शासन में प्रदेश की दुर्गति हुई है।

# 22 वर्ष की उम्र में दिव्या ज्योति कटोच ने पास की एचएएस परीक्षा

## बतौर तहसीलदार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं, जहां वे प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को सीख रही

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़



धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय की पूर्व छात्रा दिव्या ज्योति कटोच ने महज 22 वर्ष की आयु में हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। वर्तमान में वह उपायुक्त कार्यालय कांगड़ा, धर्मशाला में बतौर तहसीलदार प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जहां वे प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को सीख रही हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर दिव्या का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर राकेश पठानिया, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश शर्मा सहित अन्य शिक्षकों और स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया। सभी ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य प्रोफेसर राकेश पठानिया ने कहा कि दिव्या की सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है और यह अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी। वहीं डॉ. नरेश शर्मा ने बताया कि दिव्या शुरू से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं और उनकी पढ़ाई के प्रति लगन ही उन्हें इस मुकाम तक लेकर आई है। राजनीतिक विज्ञान विभाग के सह आचार्य प्रो. अश्वनी चौधरी और प्रोफेसर प्रोफेसर संजय ने भी गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्या का लक्ष्य के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता यह दर्शाती है कि सही दिशा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। धर्मशाला के सिविल लाइन क्षेत्र की निवासी दिव्या ज्योति कटोच ने वर्ष 2024 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी, जिसमें उन्होंने राजनीतिक विज्ञान विषय का चयन किया। वर्ष 2025 में उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में एचएएस परीक्षा पास कर यह मुकाम हासिल किया, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता भूपिंदर चंद कटोच और अनुपमा कटोच के साथ-साथ अपने शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही रणनीति बेहद आवश्यक है। दिव्या ने यह भी बताया कि कॉलेज के दौरान समूह चर्चा से उन्हें काफी लाभ मिला और कुछ समय तक उन्होंने कोचिंग लेकर अपनी तैयारी को और मजबूत किया।विशेष रूप से बेटियों के लिए उन्होंने प्रेरणादायक संदेश दिया कि यदि वे सही योजना और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें, तो कोई भी बाधा उन्हें रोक नहीं सकती। दिव्या ज्योति कटोच की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# सुक्खू सरकार ने वादाखिलाफी की, पेंशन बहाली पर भी घेरा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



जिला मुख्यालय हमीरपुर में भाजपा मंडल द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली और धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। प्रदर्शन के दौरान हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने झूठे वादों के सहारे सत्ता हासिल की है। चुनावों के दौरान जनता को कई बड़ी गारंटियां दी गई थीं, लेकिन सरकार उन्हें पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के शासन से तंग आ चुकी है और आने वाले चुनावों में भाजपा को समर्थन देगी। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया। इन तख्तियों पर महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने और पांच लाख रोजगार देने जैसी गारंटियों का जिक्र किया गया था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि ये सभी वादे अब तक अधूरे हैं।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर लावारिस बैग से अलर्ट, जांच के बाद स्थिति सामान्य

राहुल | कांगड़ा
समर न्यूज़



शनिवार सुबह कांगड़ा एयरपोर्ट पर उस समय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं, जब एयरपोर्ट के वॉशरूम में एक लावारिस बैग मिलने की सूचना मिली। सुबह करीब 8:30 बजे बैग देखे जाने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने बिना देर किए पूरे परिसर में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया और यात्रियों व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट के सभी संचालन अस्थायी रूप से रोक दिए गए। इस दौरान दिल्ली से आने वाली एक फ्लाइट को भी लैंडिंग से पहले रोक दिया गया, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेरकर संदिग्ध बैग की गहन जांच की।करीब तीन घंटे तक चले इस सघन जांच अभियान के बाद स्थिति स्पष्ट हुई।

जांच में पता चला कि बैग किसी संदिग्ध गतिविधि से जुड़ा नहीं था, बल्कि धर्मशाला के एक यात्री का था, जो जल्दबाजी में उसे वॉशरूम में ही भूल गया था। बैग के अंदर कोई भी आपत्तिजनक या खतरनाक वस्तु नहीं मिली।

स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली और उड़ान सेवाएं फिर से बहाल कर दी गईं। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने सामान का विशेष ध्यान रखें ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

**झूठी गारंटी** — महिलाओं से भी ले रहे ऑपरेशन के पैसे, हिम केयर से इलाज के नाम पर भी वसूली

# सुख के नाम पर शुल्क की सरकारः जयराम ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला



शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि आज राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस है। यह दिन कस्तूरबा गांधी जी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। उनके महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इसके लिए वेलफेयर स्टेट बड़ी-बड़ी योजनाओं की घोषणा करती है। लेकिन सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन वाली शुल्क की सरकार चला रही है इसलिए उन्होंने मातृशक्ति के लिए राज्य स्तरीय कमला नेहरू अस्पताल में मेजर ऑपरेशन सहित अन्य चीजों के लिए 4700 रुपए की फीस लगा दी है। सरकार हमेशा एक वेलफेयर स्टेट के रूप में कार्य करती है, हर जगह शुल्क लगाना सरकार का काम नहीं है। हिम केयर के तहत यदि लोगों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है तो अब सरकार उसमें तमाम तरह की फीस क्यों जोड़ रही है? सुक्खू सरकार अब हिम केयर के चरणबद्ध खात्मे की तरफ़ बढ़ रही है। पहले दिन से ही सुक्खू सरकार को भाजपा सरकार की योजनाएं चुभ रही थी, जिसे अब बंद करने का काम लगातार चल रहा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि मातृत्व के लिए सर्जरी करवाने वाली महिलाओं से अब रोटी के भी पैसे लिए जाएंगे। मरहम पट्टी के लिए भी पैसा लिया जाएगा। इसके अलावा, सर्जन, कंसल्टेशन फीस, एनेस्थीसिया, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, ऑक्सीजन के भी चार्ज लिए जा रहे हैं। हिम केयर में यह सब फ्री था, अब पैसा लगेगा। सरकार द्वारा हिम केयर के तहत आपूर्ति करने वालों का भुगतान रोके जाने की वजह से वैसे ही हालत खराब हैं, ऐसे में सुख की सरकार का यह शुल्क पैकेज प्रदेश के लोगों पर भारी पड़ेगा। सरकार ने हिम केयर को बंद करने की चरणबद्ध शुरुआत कर दी है। सोचने में ही यह हास्यास्पद है कि 1500 रुपए की इंदिरा गांधी सम्मान निधि की झूठी गारंटी देकर सत्ता में आई सरकार कस्तूरबा गांधी जी के जन्मदिन पर कमला नेहरू अस्पताल में मातृशक्ति से ऑपरेशन के शुल्क वसूलने का फरमान जारी किया गया है।

आज भी केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, किलकारी योजना, राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे जननी-शिशु सुरक्षा चक्र को और सुदृढ़ किया जा सके। लेकिन हिमाचल प्रदेश में सुख के नाम पर शुल्क की सरकार चल रही है, जिसका एक मात्र ध्येय शुल्क लगाकर हर तरीके से प्रदेश के लोगों को त्रस्त किया जा सके।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज

समर न्यूज़ | हमीरपुर



जिला हमीरपुर में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए चलाया जा रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान तेजी पकड़ रहा है। अब तक जिले में 597 किशोरियों को यह टीका लगाया जा चुका है और स्वास्थ्य विभाग इसे और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। जिले के 32 सरकारी अस्पतालों में यह टीकाकरण सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जहां रविवार के दिन भी टीके लगाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच बनाई जा सके। हमीरपुर के सीएमओ सभागार में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तर के सभी एचपीवी प्रभारी उपस्थित रहे।

# मोहाली में नशा विरोधी मुहिम के तहत दो तस्कर गिरफ्तार

## 13.77 ग्राम हेरोइन बरामद

समर न्यूज़ | मोहाली



जिला मोहाली पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान युद्ध नशियों के विरुद्ध के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना बलौंगी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई।
जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस कप्तान के निर्देशों और पुलिस अधिकारियों की निगरानी में इंस्पेक्टर की अगुवाई में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा नंबर 94 एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया। इस दौरान दो आरोपियों को काबू किया गया।
पहले आरोपी की पहचान रघवीर चौहान उर्फ बिहारी निवासी शिव कॉलोनी, बड़माजरा के रूप में हुई है, जिसके पास से 6.31 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वहीं दूसरे आरोपी गुरशरणजीत सिंह उर्फ रोकी प्रधान निवासी मकान नंबर 1253, सेक्टर 42सी, चंडीगढ़ के कब्जे से 7.46 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।
पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 29 और 27-61-85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।
पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। मामले की जांच जारी है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।
जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## चंडीगढ़ में 14 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रशासन ने 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। होम विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई। वर्ष 2026 के लिए पहले जारी सार्वजनिक अवकाश की सूची में आंशिक संशोधन करते हुए यह फैसला लिया गया है। अब 14 अप्रैल को चंडीगढ़ प्रशासन के अधीन सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, संस्थानों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में पूर्ण सार्वजनिक अवकाश रहेगा। अधिसूचना पर होम सचिव मनदीप बराड़ की तरफ से जारी की गई है। इससे पहले 30 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचना में 14 अप्रैल को अवकाश नहीं रखा गया था। अब इस संशोधन के बाद कर्मचारियों और आम जनता को यह अतिरिक्त छुट्टी मिल गई है।

# मोहाली प्रेस क्लब की गवर्निंग बॉडी ने विभिन्न समितियों का गठन किया

समर न्यूज़ | मोहाली



मोहाली प्रेस क्लब की नव-निर्वाचित गवर्निंग बॉडी की बैठक क्लब के अध्यक्ष गुरमीत सिंह शाही की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान, गवर्निंग बॉडी ने क्लब की विभिन्न समितियों का गठन किया। इस अवसर पर, क्लब के महासचिव सुखदेव सिंह पटवारी ने बताया कि बैठक में गवर्निंग बॉडी ने विभिन्न समितियों का गठन किया, जिनमें स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन जसविंदर रूपाल को और सदस्य कुलवंत कोटली व उज्ज्वल सिंह को बनाया गया; जबकि सांस्कृतिक कमेटी चेयरमैन अजायब सिंह औजला को और सदस्य अरुण नाभा, अमरजीत सिंह, अमनदीप सिंह व जे.एस. सोढ़ी को बनाया गया; किचन कमेटी का चेयरमैन जतिंदरपाल सिंह को और सदस्य सागर पाहवा व रितेश राजा को बनाया गया; अनुशासन कमेटी का चेयरमैन हरिंदर पाल सिंह 'हैरी' को और सदस्य कुलविंदर सिंह 'बावा' व गुरमीत सिंह रंधावा को बनाया गया; खेल कमेटी का चेयरमैन सुखविंदर सिंह 'मनोली' को और सदस्य राकेश हंपाल व राजिंदर मारकंडा को बनाया गया; खरीद कमेटी का चेयरमैन कुलविंदर सिंह बावा को और सदस्य राजीव सचदेवा व मंगत सैदपुर को बनाया गया; सेमिनार कमेटी का चेयरमैन राजिंदर सिंह 'टग्गर' को और सदस्य दविंदर सिंह, अमरपाल सिंह 'नूरपुरी', गौतम बंसल व हरिंदर सिंह नागपाल को बनाया गया; स्वागत कमेटी का चेयरमैन प्रवेश चौहान को और सदस्य सरोज कुमारी वर्मा, सना मेहंदी व रणजीत सिंह धालीवाल को बनाया गया; डिजिटल कमेटी का चेयरमैन करनैल सिंह 'राणा' को और सदस्य सुखविंदर सिंह 'सुखा', जे.एस. सोढ़ी, गुरजीत सिंह व अमनदीप गिल को बनाया गया; तथा रखरखाव कमेटी का चेयरमैन डी.एन. सिंह को और सदस्य गुरनाम सागर, मलकीत सिंह, प्रवीण कुमार व राज कुमार वर्मा को बनाया गया है।

# एमएलए रंधावा ने लालड़ू के अधीन कच्चे मकानों को पक्का करने को मंजूरी पत्र दिये

समर न्यूज़ | लालड़ू




पंजाब शहरी विकास योजना के तहत नगर काउंसिल लालड़ू द्वारा कच्चे मकानों को पक्का करने के लिए चयनित 57 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 2.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने हेतु स्वीकृति पत्र हल्का विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा वितरित किए गए।
इस अवसर पर विधायक श्री रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि कच्ची छतों को पक्का करने के लिए दी जा रही यह सहायता राशि लाभार्थियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।
उन्होंने आगे कहा कि इस योजना से न केवल लोगों को सुरक्षित रहने के लिए मजबूत छतें मिलेंगी, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता में भी महत्वपूर्ण सुधार आएगा।
लाभार्थियों ने इस मौके पर पंजाब सरकार और हल्का विधायक का धन्यवाद किया और कहा कि इस सहायता से वे अपने घरों को पक्का और सुरक्षित बनाने में सक्षम होंगे।
उल्लेखनीय है कि यह ग्रांट लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से, निर्माण कार्य शुरू करने से लेकर पूर्ण होने तक, अलग-अलग किस्तों में प्रदान की जाएगी।

# सेल्फी विद डॉटर पर एआई से गुमशुदा बेटियों को ढूंढने का चलेगा मिशन

## पुलिस थानों व सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगी एआई सेल्फी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



'सेल्फी विद डॉटर' आंदोलन के प्रणेता सुनील जागलान और सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन की नई पहल 'एआई सेल्फी विद डॉटर' उन लाखों मां-बाप की आंखों का सपना और दिल की पुकार है, जिनकी बेटियां एक दिन अचानक गुम हो गईं। यह अभियान कृत्रिम बुद्धिमत्ता को महज एक तकनीक नहीं, बल्कि मां-बाप की बेचैनी, उम्मीद और प्यार का माध्यम बनाता है।
जब पूरी दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को ठंडा और भावनाहीन माना जा रहा है, तब सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन इसे बेटी के प्यार से जोडक़र एक अनोखा मिशन शुरू कर रहा है। यह अभियान उन मां-बाप के आंसुओं को आवाज देता है जो सालों से अपनी बेटी की एक झलक पाने को तरस रहे हैं।
सुनील जागलान ने कहा कि जब कोई पिता अपनी काल्पनिक बेटी के साथ सेल्फी देखता है, तो उसके मन में एक भावुक तूफान उठता है। वह सोचता है। अगर मेरी बेटी होती तो कैसे दिखती। वह कितनी प्यारी होती। हंसी कैसी होती।
इस एक सेल्फी से दिल में बेटी के प्रति अपार प्यार, सम्मान और जिम्मेदारी जागृत होती है। यह अभियान समाज में बेटी के महत्व को बढ़ावा देने का एक बेहद संवेदनशील और प्रभावी तरीका है। यह माता-पिता को एहसास दिलाता है कि बेटी कोई बोझ नहीं, बल्कि घर की रोशनी, परिवार की शान और समाज की ताकत है।
अभियान का सबसे भावुक और महत्वपूर्ण हिस्सा उन परिवारों के लिए है जिनकी बेटियां गुम हैं। हर रात नींद नहीं आती, हर सांस में बेटी का नाम होता है, हर भीड़ में बस एक ही चेहरा ढूंढा जाता है। एआई सेल्फी विद डॉटर अब इन परिवारों को नई उम्मीद दे रहा है। बेटी का चेहरा, उसकी मुस्कान, उसकी आंखों में छुपी मासूमियत सब कुछ इतना सजीव कि देखने वाला रूह तक कांप जाए। ये एआई सेल्फियां सोशल मीडिया, पुलिस स्टेशनों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक जगहों पर साझा की जा सकेंगी। इससे गुमशुदा लड़कियों की पहचान आसान होगी, लोग उन्हें पहचान सकेंगे और पुलिस-प्रशासन को भी खोजबीन में मदद मिलेगी। यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं, बल्कि हर उस मां-बाप की चीख है जो कह रही है। मेरी बेटी जिंदा है, उसे ढूंढो, उसे वापस लाओ। एआई सेल्फी विद डॉटर अभियान बताता है कि तकनीक अगर सही मकसद से इस्तेमाल की जाए तो कितनी इंसानी हो सकती है। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी का सम्मान अभियान से जोड़ता है। यह अभियान उन हजारों गुमशुदा बेटियों के नाम है जो आज भी कहीं अपनी मां की गोद की तलाश में हैं। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के अनुसार हर बेटी की एक कहानी है और हर बेटी लौट सकती है।

# पंजाब मंडी बोर्ड ने बैसाखी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया

## चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर सबको बधाई दी

समर न्यूज़ | मोहाली



पंजाब मंडी बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से आधुनिक फल और सब्जी मंडी, सेक्टर – 65 ए, मोहाली में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट ने बतौर मुख्य मेहमान शिरकत की, जबकि इंजीनियर-इन-चीफ स. जतिंदर सिंह भंगू, संयुक्त सचिव स. हरजीत सिंह संधू और मुख्य इंजीनियर स. गुरिंदर सिंह चीमा ने विशेष मेहमान के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लोक नृत्यों और गीतों के साथ हुई, जिसने पूरे माहौल को पंजाबी संस्कृति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट ने सभी को बैसाखी और खालसा साजना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बैसाखी का त्योहार पंजाब में गेहूं की कटाई के सीजन की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। हमारे पंजाबी विरसे में किसान भाई बड़े ही उत्साह के साथ अपनी फसल की कटाई शुरू करने से पहले इसे मेले के रूप में मनाते आए हैं। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 में श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की साजना की थी। यह दिन हमारे लिए केवल खुशी का ही नहीं, बल्कि गौरव और प्रेरणा का भी प्रतीक है।
उन्होंने कहा कि पंजाब की संस्कृति पूरे विश्व प्रसिद्ध है। पंजाब के संगीत, ढोल की थाप और भांगड़ा ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई है। स. बरसट ने मंडी बोर्ड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों को समझने और पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संदेश दिया, ताकि मंडी बोर्ड तरक्की की राह पर और आगे बढ़ सके। चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट द्वारा इंजीनियर-इन-चीफ स. जतिंदर सिंह भंगू, संयुक्त सचिव स. हरजीत सिंह संधू, मुख्य इंजीनियर स. गुरिंदर सिंह चीमा, डी.जी.एम. स. प्रीत कंवर सिंह बराड़, डी.एम.ओ. स. प्रभलीन सिंह चीमा और अमला अफसर स. सुरमुख सिंह को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से हरचंद सिंह बरसट को यादगारी चिन्ह भेंट किया गया।

## डीसी कोमल ने माल विभाग की कार्यप्रणाली जांची

समर न्यूज़ | मोहाली

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने जिला प्रबंधकीय परिसर में माल विभाग से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान जिले के अलग-अलग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मीटिंग के दौरान स्वामित्व योजना, लंबित इंतकाल, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से जुड़े बिल, जमाबंदी से संबंधित लंबित मामले, डिजिटल फसल सर्वेक्षण और बारिश के कारण हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से समीक्षा की गई। इसके साथ ही मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की तैयारियों और मुआवजा वितरण की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

# विधायक अनमोल ने अपने खरड़ हलके के संगठन मजबूती और विकास पर मंथन किया

समर न्यूज़ | खरड़



हलका खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान की अगुवाई में आम आदमी पार्टी के कोऑर्डिनेटरों, ब्लॉक प्रधानों और वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक के दौरान विधायक अनमोल गगन मान ने सभी पदाधिकारियों के साथ सीधा संवाद करते हुए पार्टी के कामकाज को और प्रभावी बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता की भलाई और पंजाब के हर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।
उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे लगातार लोगों के बीच रहें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समाधान करवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोऑर्डिनेटर और ब्लॉक प्रधान पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी मेहनत के चलते ही सरकार की नीतियां आम लोगों तक पहुंच रही हैं।
बैठक में मौजूद विभिन्न नेताओं ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह जमीनी स्तर पर योजनाओं को लागू किया जा रहा है। सभी नेताओं ने एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत बनाने तथा जनता की सेवा में पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह बिट्टू (चेयरमैन, मार्केट कमेटी खरड़), हरीश राणा (चेयरमैन, मार्केट कमेटी कुराली), नवदीप सिंह, विकास मोहन (पीए), नवदीप सिंह (संगठन इंचार्ज), राजवीर सिंह राजी, बलजीत सिंह (मीडिया इंचार्ज), हरप्रीत कौर (हलका कोऑर्डिनेटर), सर्वजोत कौर सहित बड़ी संख्या में कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक प्रधान और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है।

# ज़ीरकपुर में विकास की रफ्तार तेज

## वार्ड नंबर 13 ढकोली में 2.13 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत

समर न्यूज़ | ज़ीरकपुर



पंजाब सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों के तहत हलका विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा ज़ीरकपुर नगर काउंसिल के वार्ड नंबर 13, ढकोली में लगभग 2 करोड़ 13 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बड़े स्तर पर विकास कार्यों की शुरुआत करवाई गई।
इस मौके पर उन्होंने इलाके के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया। इनमें शक्ति एन्क्लेव में 32.40 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण, कम्युनिटी सेंटर की 5.75 लाख रुपये से मरम्मत और 22.55 लाख रुपये की लागत से जनरल रिपेयर के कार्य शामिल हैं।
इसके अलावा वार्ड में अन्य गलियों के निर्माण के लिए 45.75 लाख रुपये की लागत से काम शुरू किया गया है। गणेश विहार में 36.10 लाख रुपये से सड़क बनाई जाएगी, जबकि वसंत विहार फेज-1 में 36.48 लाख रुपये और फेज-2 में 34.57 लाख रुपये की लागत से नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा।
विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार शहरों और गांवों में समान विकास सुनिश्चित करते हुए लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और हर क्षेत्र को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ा जाएगा।
उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके।

विवाद | महंगे फ्लैट्स और बढ़े FAR पर मचा विवाद

# चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की नई स्कीम जल्द लॉन्च

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की ग्रुप हाउसिंग स्कीम जल्द लॉन्च होने जा रही है, लेकिन फ्लैट्स की ऊंची कीमतों को लेकर पहले ही सवाल उठने लगे हैं। प्रस्तावित स्कीम में EWS फ्लैट की कीमत करीब 74 लाख रुपये, 2BHK की 1.97 करोड़ और 3BHK फ्लैट की कीमत 2.30 करोड़ रुपये तक रखी गई है। इतनी ऊंची कीमतों को लेकर लोगों का कहना है कि इससे कम बजट में मोहाली जैसे इलाकों में कोठियां बनाई जा सकती हैं।
दरअसल, हाल ही में कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के कारण इस प्रोजेक्ट की लागत में 35 से 40 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने फ्लोर एरिया रेशियो (FAR) को 1.2 से बढ़ाकर 2.4 करने का फैसला लिया है। इसके बाद अब यहां 4 या 5 मंजिल की बजाय 6 मंजिला इमारतों का निर्माण संभव होगा। अधिकारियों का मानना है कि FAR बढ़ने से एक ही जमीन पर ज्यादा फ्लैट्स बन सकेंगे, जिससे प्रति यूनिट लागत कम होगी और कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है।
यह स्कीम पहले सेक्टर-53 में 2018 में लॉन्च की गई थी, लेकिन ऊंची कीमतों के कारण इसे खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। बाद में नवंबर 2024 में प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के निर्देश पर इस पर दोबारा काम शुरू हुआ। मार्च 2025 में कराए गए डिमांड सर्वे में 372 फ्लैट्स के लिए 7,468 आवेदन आए, जिससे इसकी भारी मांग का अंदाजा लगाया जा सकता है।
इसके अलावा, प्रशासन शहर के औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में भी FAR बढ़ाने की योजना बना रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और 2 में FAR को 0.75 और 1.0 से बढ़ाकर 2.0 किया जा सकता है। वहीं नॉन-हेरिटेज सेक्टर्स में कमर्शियल, होटल और शिक्षण संस्थानों के लिए भी अतिरिक्त FAR देने पर विचार हो रहा है। हालांकि, सेक्टर 1 से 30 तक के हेरिटेज एरिया में सुप्रीम कोर्ट के 2023 के आदेश के चलते कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।चंडीगढ़ प्रशासन 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' स्कीम लाने की भी तैयारी कर रहा है। इसके तहत पर्यटक अब महंगे होटलों की बजाय शहर की कोठियों में ठहर सकेंगे। मकान मालिक अपने घर में अधिकतम 8 कमरे किराए पर दे सकेंगे और उन्हें घरेलू दरों पर ही टैक्स व बिजली बिल देना होगा। पॉलिसी के तहत हर कमरे में अटैच्ड बाथरूम, पर्याप्त पार्किंग और जरूरी फर्नीचर होना अनिवार्य होगा।

# सीपीआर से किया प्रयास किसी को दे सकता है नया जीवन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



इमरजेंसी के दौरान थोड़ी सी सूझबूझ के साथ किया गया एक प्रसास किसी को नया जीवन प्रदान कर सकता है। इसी उद्देश्य के साथ सर्वप्रेम फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार की सुबह सेक्टर दस स्थित लीजर वैली में सीपीआर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
सीआरसी साइकलिंग ग्रुप, एसिक्स रनिंग क्लब, सकेचर्स क्लब, चंडीगढ़ डिस्टेंस रनर क्लब समेत करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मदरहुड चैतन्या अस्पताल के डॉ.गुरूदत्त ने सीपीआर करने के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने वहां उपस्थित हर वर्ग के लोगों को इसमें भागीदार बनाते हुए सीपीआर डेमो सीपीआर करवाते हुए आयु वर्ग के अनुसार सीपीआर दिए जाने के बारे में बताया। सीपीआर देते समय सीने पर जरूरत से अधिक डाला गया दबाव घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों, युवा तथा अधेड़ उम्र के लोगों को कितनी देर सीपीआर देना चाहिए। सर्वप्रेम की निदेशक डॉ.आराधना ओझा ने कहा कि सर्वप्रेम की तरफ से आने वाले दिनों में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रेम की तरफ से डॉ.रोमिका वडेरा, डॉ.अशोक वडेरा,कप्तान गौतम लाल के अलावा कई गणमान्य मौजूद थे।

## गुवाहाटी में सूर्यवंशी की चली आंधी

# राजस्थान ने RCB को 6 विकेट से हराया

एजेंसी | गुवाहाटी



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के मैच नंबर-16 में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स (RR) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। बारिश के चलते मुकाबला 1 घंटा और 10 मिनट की देरी शुरू हुआ। मुकाबले में आरसीबी ने राजस्थान को जीत के लिए 202 रनों का टारगेट दिया, जिसे राजस्थान ने 4 विकेट गंवा कर हासिल कर लिया।

वैभव सूर्यवंशी 76 गेंदों पर 78 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मौजूदा आईपीएल सीजन में शुरुआत धमाकेदार रही है। राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK), गुजरात टाइटन्स (GT) और मुंबई इंडियंस (MI) को परास्त किया था। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) और चेन्नई सुपर किंग्स पर जीत हासिल की थी।

रनचेज में राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया, जो जोश हेजलवुड की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गए। यशस्वी तो आउट हो गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बैटिंग जारी रही। वैभव ने सिर्फ 15 गेंदों पर फिफ्टी जमा दी, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल रहे।

वैभव सूर्यवंशी का साथ ध्रुव जुरेल ने भी बखूबी दिया और तूफानी बल्लेबाजी की। वैभव और जुरेल के बीच दूसरे विकेट के लिए 37 बॉल पर 108 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को क्रुणाल पंड्या ने ब्रेक किया, जिन्होंने वैभव को पवेलियन भेजा। वैभव ने 8 चौके और सात छक्के की मदद से 26 बॉल पर 78 रन बनाए। क्रुणाल ने इसके बाद अगली ही गेंद पर शिमरॉन हेटमायर (0 रन) को भी चलत कर दिया। वहीं रियान पराग (3 रन) का विकेट जोश हेजलवुड ने झटका। पराग के आउट होने के समय राजस्थान का स्कोर 134/4 था। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 8 विकेट पर 201 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही। पहली ही गेंद पर उसने फिल साल्ट (0 रन) का विकेट गंवा दिया, जो जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। आर्चर ने फिर देवदत्त पडिक्कल को आउट कर आरसीबी को दूसरा झटका दिया। विराट कोहली लय में लग रहे थे,

लेकिन स्पिनर रवि बिश्नोई ने उन्हें एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड किया। कोहली ने सात चौके की मदद से 16 बॉल पर 32 रन बनाए। इसके बाद रवि बिश्नोई ने क्रुणाल पंड्या (1 रन) को भी चलता किया। जितेश शर्मा (5 रन) और टिम डेविड (13 रन) को तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा ने पवेलियन भेजा। जबकि रोमारियो शेफर्ड (22 रन) का विकेट रवींद्र जडेजा ने लिया। शेफर्ड के आउट होने के समय आरसीबी का स्कोर 125/7 था। यहां से कप्तान रजत पाटीदार और इम्पैक्ट सब वेंकटेश अय्यर ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 40 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और चार चौके शामिल रहे। इस मुकाबले के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी प्लेइंग-11 में जैकब डफी की जगह जोश हेजलवुड को शामिल किया। हेजलवुड पूरी तरह फिट नहीं होने के चलते शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने तुषार देशपांडे के स्थान पर बृजेश शर्मा को मौका दिया। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में रोमांचक मुकाबले होते रहे हैं। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक 34 मुकाबले खेले गए हैं।

इस दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 मुकाबले जीते। वहीं राजस्थान रॉयल्स को 14 मैचों में जीत हासिल हुई। जबकि 3 मुकाबले बेनतीजा रहे। दोनों टीमों के बीच पिछले आईपीएल सीजन में दो मुकाबले खेले गए थे, जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीत हासिल की थी।

# WTC में छोटी टीमों की होगी एंट्री

एजेंसी | नई दिल्ली




वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशपि के फॉर्मेट में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल जल्द ही इस पर अंतिम फैसला ले सकती है। अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में होने वाली ICC मीटिंग में इस प्रस्ताव पर मुहर लगने की पूरी संभावना है। WTC की शुरुआत 2019 में हुई थी, जबकि पहला फाइनल 2021 में खेला गया। यह चैम्पयिनशपि दो साल के साइकल में आयोजित होती है और फिलहाल इसका चौथा सेशन चल रहा है, जो 2027 में समाप्त होगा। क्रिकइंफो की खबर के अनुसार- अभी WTC में कुल 9 टीमें हिस्सा लेती हैं।

लेकिन नई सिफारिश के तहत इसे बढ़ाकर 12 करने की योजना है। अगर यह प्रस्ताव पास होता है, तो जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और आयरलैंड को भी इसमें शामिल कर लिया जाएगा। इन तीनों देशों को टेस्ट स्टेटस तो मिला हुआ है, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में इन्हें बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने के मौके बेहद कम मिलते हैं। ऐसे में यह बदलाव उनके लिए बड़ा मौका साबित हो सकता है। फिलहाल WTC के नियमों के मुताबिक किसी भी सीरीज में कम से कम दो टेस्ट मैच होना जरूरी है। लेकिन अब एक टेस्ट मैच को भी WTC साइकल में शामिल करने का प्रस्ताव सामने आया है।

इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण आर्थिक और व्यावहारिक है। छोटी टीमों की मेजबानी करना कई बार बड़ी टीमों के लिए घाटे का सौदा साबित होता है। ऐसे में एक टेस्ट मैच को शामिल करने से खर्च कम होगा और मुकाबलों की संख्या बढ़ेगी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में ICC ने WTC सुधार के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया था। इस ग्रुप ने नवंबर 2025 में WTC को दो डिवीजन में बांटने का सुझाव दिया था, लेकिन उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।अब यही ग्रुप नई सिफारिशों के साथ सामने आने वाला है, जिसमें टीमों की संख्या बढ़ाने और एक टेस्ट को शामिल करने जैसे अहम बदलाव शामिल हैं।

अभी WTC में हर टीम कुल 6 सीरीज खेलती है, जिसमें 3 घरेलू और 3 विदेशी होती हैं। हर सीरीज में कम से कम 2 और अधिकतम 5 टेस्ट मैच खेले जाते हैं। हाल ही में भारत और अफगानिस्तान के बीच जून में एक टेस्ट मैच प्रस्तावित है, लेकिन यह WTC का हिस्सा नहीं होगा। इसी तरह इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेला गया एकमात्र टेस्ट भी WTC में शामिल नहीं था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ICC का फोकस टेस्ट क्रिकेट को ज्यादा प्रतिस्पर्धी और समावेशी बनाना है। छोटे देशों को ज्यादा मौके देने के साथ-साथ बड़े देशों के लिए इसे आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाना भी इस बदलाव का मकसद है।

# रवि बिश्नोई की फिरकी में घूम गए विराट कोहली, एक गलती और खत्म हो गई पारी

एजेंसी | गुवाहाटी




इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स (RR) के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन उसे वो बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए। कोहली ने सिर्फ 16 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल रहे।

विराट कोहली तेजी से रन बटोर रहे थे और बड़ी पारी की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन पांचवें ओवर में लेग-स्पिनर ने उनकी पारी पर ब्रेक लगा दिया।बिश्नोई की एक सीधी और सटीक गेंद को कोहली समझ नहीं पाए। वह बड़ा शॉट खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टम्प्स से जा टकराई। यह क्लासिक 'यू मिस आई हिट' जैसा पल था, जहां गेंदबाज ने बल्लेबाज की गलती का पूरा फायदा उठाया।

आउट होने के बाद विराट कोहली काफी निराश नजर आए। वह जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे, उससे उम्मीद थी कि वह इस मुकाबले में बड़ी पारी खेलने में जरूर कामयाब होंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। देखा जाए तो इंडियन प्रीमियर लीग में रवि बिश्नोई ने दूसरी बार विराट कोहली को आउट किया है। इस स्पिनर के खिलाफ कोहली ने अब तक आईपीएल में 44 गेंदों पर 37 रन बनाए हैं। इस दौरान कोहली का स्ट्राइक रेट 84.1 रहा है।

# युद्ध का असर: दुनिया से मई तक दूर रहेगा दुबई

समर न्यूज | नई दिल्ली




अमेरिका-ईरान से जुड़े युद्ध के चलते दुबई ने एक बड़ा फैसला किया है। दुबई ने विदेशी एयरलाइंस को 31 मई तक रोजाना सिर्फ एक उड़ान की इजाजत दी है। इस फैसले की सबसे ज्यादा मार भारतीय एयरलाइंस पर पड़ी है क्योंकि दुबई जाने की सबसे ज्यादा उड़ानें भारत से ही थीं।

दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट यानी DXB आम दिनों में दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा होता है। भारत से दुबई जाने वाले यात्रियों की तादाद सबसे ज्यादा है। साल 2025 में करीब 1 करोड़ 19 लाख भारतीय यात्री दुबई के रास्ते से गुजरे थे। यानी दुबई एयरपोर्ट के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार है। 27 मार्च को दुबई एयरपोर्ट ने एयरलाइंस को एक प्राइवेट ईमेल भेजा।

इसमें कहा गया कि ईरान संकट की वजह से 20 अप्रैल से 31 मई तक हर विदेशी एयरलाइन सिर्फ एक उड़ान रोजाना दुबई आ-जा सकती है। इसे 'वन रोटेशन पर डे' कहा गया यानी एक बार आओ और एक बार जाओ, बस। इस नियम से भारतीय एयरलाइंस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ क्योंकि उन्होंने अप्रैल-मई में दुबई के लिए सबसे ज्यादा उड़ानें बुक की थीं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो एयर इंडिया और उसकी बजट एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इस दौरान 750 से ज्यादा उड़ानें तय की थीं। इंडिगो ने 481 उड़ानें प्लान की थीं और इंडिगो का कहना था कि उसकी गर्मियों की मंजूरशुदा उड़ानें दिल्ली-दुबई के बीच रोज 15 थीं। स्पाइसजेट ने 61 उड़ानें रखी थीं। लेकिन अब सभी को महीने में सिर्फ 30 या 31 उड़ानें ही मिलेंगी। भारतीय एयरलाइंस इसलिए सबसे ज्यादा नाराज हैं क्योंकि यह नियम सिर्फ विदेशी एयरलाइंस पर लगाया गया है। दुबई की अपनी एयरलाइंस जैसे एमिरेट्स और फ्लाईदुबई पर यह पाबंदी नहीं है। वो पहले की तरह सैकड़ों उड़ानें रोज भर रही हैं। यानी दुबई की एयरलाइंस तो पूरी क्षमता से उड़ रही हैं और भारतीय एयरलाइंस को महीने में सिर्फ 30-31 उड़ानों तक सीमित कर दिया गया है।

इंडिगो ने कहा कि इस वजह से उसके बहुत सारे जहाज खाली खड़े हैं और नुकसान हो रहा है। इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइंस के संगठन FIA यानी फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने 31 मार्च को भारत सरकार को एक चिट्ठी लिखी। इसमें दो मांगें रखी गईं। पहली यह कि भारत सरकार दुबई से बात करके इस पाबंदी को हटवाए। दूसरी यह कि अगर यह पाबंदी नहीं हटती तो भारत भी एमिरेट्स और फ्लाईदुबई जैसी दुबई की एयरलाइंस पर भारत में वही पाबंदी लगाए।

यह मुसीबत तब आई जब भारतीय एयरलाइंस पहले से ही परेशान थीं। पाकिस्तान से तनाव के चलते पिछले साल से भारतीय एयरलाइंस पाकिस्तान के हवाई रास्ते का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। इससे यूरोप और पश्चिम की तरफ जाने वाली उड़ानें लंबी हो गई हैं जिससे ईंधन का खर्च बढ़ गया है। ऊपर से तेल के बढ़े हुए दाम। और अब दुबई की यह पाबंदी। लुफ्थांसा, सिंगापुर एयरलाइंस और ब्रिटिश एयरवेज जैसी बड़ी एयरलाइंस ने भी दुबई की अपनी उड़ानें 31 मई तक रद्द कर दी हैं। लेकिन उनकी दुबई में पहले भी उतनी उड़ानें नहीं थीं जितनी भारतीय एयरलाइंस की थीं।

# प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया और अरुंधति ने एशियाई मुक्केबाजी में जीता गोल्ड

एजेंसी | मंगोलिया



मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को हालांकि सबसे बड़ा झटका 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रुएनरोस (पूर्व नाम जुटामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते। कुछ भार वर्गों में हालांकि सीमित भागीदारी के कारण लवलीना बोरगोहेन (75 किलोग्राम), पूजा रानी (80 किलोग्राम) और अल्फिया जैसी खिलाड़ियों को सिर्फ भाग लेने के लिए ही पदक मिल गए। इन भार वर्गों में केवल तीन प्रतियोगी ही थे।

मीनाक्षी ने मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख-अमगलान को 5-0 से हराकर भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक जीता और शानदार शुरुआत की। प्रीति ने एक और दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बेहतरीन लय को बरकरार रखा। उन्होंने तीन बार की विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराया। इसके बाद प्रिया ने उत्तर कोरिया की वॉन उन-ग्योंग को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जबकि अरुंधति ने फाइनल में कजाकिस्तान की बकित सेइडिश को 4-1 से हराकर प्रभावित किया।

इससे पहले दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (54 किलोग्राम), अंकुशिता बोरो (65 किलोग्राम), लवलीना (75 किलोग्राम) और पूजा (80 किलोग्राम) को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्वनाथ सुरेश (48 किलोग्राम) और सचिन सिवाच (60 किलोग्राम) शुक्रवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# केकेआर का फूटा गुस्सा! अब हार के बाद अंपायरिंग पर उठाए सवाल

समर न्यूज | नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में एक बार फिर अंपायरिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ मुकाबले में फिन एलन के विवादित तरीके से आउट होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। यह पूरा मामला 9 अप्रैल (गुरुवार) को को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले का है। उस मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के ओपनर फिन एलन दूसरे ओवर में प्रिंस यादव की गेंद पर थर्ड मैन एरिया में शॉट खेल बैठे। बाउंड्री के पास खड़े दिग्वेश सिंह राठी ने कैच तो पकड़ लिया, लेकिन रिप्ले में ऐसा दिखा कि उनका पैर बाउंड्री रोप को छू रहा था।

इसके बावजूद थर्ड अंपायर केएन अनंत पद्मनाभन ने एलन को कैच आउट करार दिया, जिससे विवाद खड़ा हो गया। मैच के बाद केकेआर कैम्प में इस फैसले को लेकर नाराजगी साफ दिखी। टीम के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने अंपायरिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आईपीएल में इससे छोटे मामलों में भी थर्ड अंपायर लंबी जांच करते हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने टीम की लय को प्रभावित किया, हालांकि उन्होंने यह भी माना कि हार का ठीकरा सिर्फ इसी पर नहीं फोड़ा जा सकता। रोवमैन पॉवेल कहते हैं, 'हमने IPL में इससे छोटे-छोटे मामलों में भी लंबी जांच देखी है। यह फैसला काफी करीबी था, लेकिन उतनी बारीकी से नहीं देखा गया।' क्रिकेट के नियमों के मुताबिक, अगर फील्डर कैच लेते समय शरीर का कोई भी हिस्सा बाउंड्री को छूता है,

तो वह कैच अमान्य माना जाता है। आईपीएल 2026 में यह पहला मामला नहीं है जब बाउंड्री कैच को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले फिल साल्ट द्वारा लपका गया हेनरिक क्लासेन का कैच भी सवालों के घेरे में आया था। लगातार ऐसे फैसलों ने यह साफ कर दिया है कि अंपायरिंग में निरंतरता की कमी अब बड़ा मुद्दा बनती जा रही है।

# वानिंदु हसरंगा बाहर, LSG ने द. अफ्रीकी ऑलराउंडर को किया टीम में शामिल

एजेंसी | कोलकाता,




लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) ने दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को वानिंदु हसरंगा की जगह टीम में शामिल किया है। हसरंगा इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 से बाहर हो गए हैं। LSG ने नीलामी में हसरंगा को 2 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 के श्रीलंका के पहले मैच में लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

लिंडे, जो बाएं हाथ के बैटिंग ऑलराउंडर हैं और धीमी गति से बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स गेंदबाजी करते हैं, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 3 टेस्ट, 4 वनडे और 37 T20I मैच खेले हैं। टी20 इंटरनेशन में लिंडे ने 403 रन बनाए हैं और 35 विकेट लिए हैं। उनके पास क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट का काफी अनुभव है क्योंकि उन्होंने 250 T20 मैच खेले हैं। यह IPL में उनका पहला मौका होगा। वह 1 करोड़ रुपए की अपनी रिजर्व कीमत पर LSG में शामिल होंगे।

LSG के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने गुरुवार को ईडन गार्डन्स में मैच के दौरान कहा था, 'हम इस बात के लिए तैयार हैं कि वह हमारे साथ शामिल नहीं हो पाएंगे। हम उनकी जगह किसी और खिलाड़ी की तलाश कर रहे हैं, जिसकी घोषणा 24-48 घंटों में कर दी जाएगी।' इस मैच में LSG ने आखिरी गेंद पर तीन विकेट से जीत हासिल की थी।

चर्चा

## मुकुल की पारी मानसिक ताकत और मौके को भुनाने की कला का उदाहरण रही

# आईपीएल में गेमचेंजर बने मुकुल चौधरी

समर न्यूज | नई दिल्ली



गुरुवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के मुकाबले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अनिश्चितता, रोमांच और कहानियों का ऐसा मंच है, जहां हर मैच एक नई स्क्रिप्ट लिखता है। आखिरी गेंद तक खिंचता मुकाबला, दर्शकों की धड़कनों को थामे रखने की कला और अचानक उभरते नए सितारे। यही IPL की असली पहचान बन चुकी है। इस मुकाबले का सबसे बड़ा चेहरा बने मुकुल चौधरी। एक ऐसा नाम, जिसे कुछ दिन पहले तक बहुत कम लोग जानते थे, लेकिन अब वही चर्चा के केंद्र में है।

मुकुल की पारी सिर्फ रन बनाने की कहानी नहीं थी, बल्कि दबाव को झेलने की मानसिक ताकत और मौके को भुनाने की कला का उदाहरण थी। छोटे कस्बे से निकलकर बड़े मंच पर छा जाना।।। ये IPL की उस खूबसूरती को दर्शाता है, जहां पहचान नहीं, प्रदर्शन मायने रखता है। 21 साल के मुकुल की यात्रा आसान नहीं रही।

सीमित संसाधनों में अभ्यास, बड़े खिलाड़ियों को देखकर सीखना और लगातार खुद को बेहतर बनाना, ये सब उनकी पारी में झलकता है। खासतौर पर आखिरी ओवर में जिस तरह उन्होंने नर्वस हुए बिना मैच फिनिश किया, वो बताता है कि आईपीएल अब सिर्फ अनुभव का खेल नहीं रहा, बल्कि आत्मविश्वास और तैयारी का भी खेल है। लेकिन IPL-2026 की तस्वीर सिर्फ नई कहानियों तक सीमित नहीं है। इस सीजन ने कुछ बड़े सवाल भी खड़े किए हैं। मुंबई इंडियंस (MI), चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) जैसी टीमें, जो सालों से इस लीग की पहचान रही हैं, इस बार लय में नजर नहीं आ रहीं। टीम संयोजन, फॉर्म और रणनीति तीनों स्तर पर ये टीमें जूझती दिख रही हैं। यह सवाल उठता है कि क्या आईपीएल अब 'बिग नेम्स' से आगे निकल चुका है? क्या अब यह पूरी तरह से 'फॉर्म और फायरपावर' की लीग बन गई है, जहां इतिहास नहीं, वर्तमान प्रदर्शन मायने रखता है? पिचों की भूमिका भी इस बदलाव में अहम है। इस सीजन में कई मुकाबले ऐसे रहे हैं, जहां 200 से ज्यादा का स्कोर भी सुरक्षित नहीं रहा। पाटा पिचों ने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने की छूट दी है और इसका असर साफ दिख रहा है। अब तकनीक से ज्यादा पावर-हिटिंग की अहमियत बढ़ गई है। गेंदबाजों के लिए मार्जिन ऑफ एरर लगभग खत्म हो चुका है।यानी एक छोटी-सी गलती और गेंद स्टैंड में। यही कारण है कि इस सीजन में गेंदबाजों की हालत सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण दिख रही है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज, जिन्होंने हाल ही में बड़े मंचों पर भारत को जीत दिलाई, यहां विकेट के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। यह केवल फॉर्म की समस्या नहीं है, बल्कि टी20 क्रिकेट के बदलते स्वरूप का संकेत है, जहां गेंदबाजों को लगातार नए तरीके खोजने पड़ रहे हैं।

इसके बावजूद, IPL की सबसे बड़ी ताकत उसकी अनिश्चितता ही है। यहां कोई भी टीम, किसी भी दिन, किसी भी स्थिति से मैच जीत सकती है। यही कारण है कि दर्शकों का जुड़ाव इस लीग के साथ लगातार बढ़ता जा रहा है। मुकुल चौधरी जैसे खिलाड़ियों का उभार इस बात का भी संकेत है कि भारतीय क्रिकेट की जड़ें कितनी गहरी हैं। छोटे शहरों और गांवों से निकलकर खिलाड़ी न सिर्फ आईपीएल में जगह बना रहे हैं, बल्कि मैच विनर भी बन रहे हैं। यह भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

समर एक्सप्रेस
JOURNALIST PREMIER LEAGUE

# देश के पत्रकारों का इकलौता टूर्नामेंट जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग




























ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 216